संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 08 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 328 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

## फास्ट न्यूज

### कतर में मौत की सजा पाए पूर्व नौसैनिकों से भारतीय राजदूत ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारतीय राजदूत ने कतर में मौत की सजा पाए 8 पूर्व नौसैनिकों से 03 दिसंबर को मुलाकात की। भारत सरकार पूरे मामले पर बारीकी से नजर रख रही है और उन्हें सभी कानूनी एवं राजनयिक सहायता प्रदान कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में बताया कि आठ भारतीयों के खिलाफ मामले में दो सुनवाई हो चुकी है और मौत की सजा के खिलाफ अपील पहले ही दायर की जा चुकी है। मामला संवेदनशील है। हम हर संभव प्रयास कर रहें हैं। मामले में साझा करने के लिए जो भी होगा उसे बताया जाएगा। पूर्व नौसैनिकों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और सभी कानूनी विकल्प तलाशने की प्रतिबद्धता दर्शाई थी। नौसैनिक कतर के सशस्त्र बलों को सेवाएं देने वाली कंपनी अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के कर्मचारी हैं। पिछले साल अगस्त में उन्हें हिरासत में लिया गया था। उनपर जासूसी का आरोप लगाया गया है।

### सरकार ने इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी की कीमतों पर नियंत्रण के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने चीनी मिलों को इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया है। दरअसल सरकार को चिंता है कि इससे चीनी उत्पादन गिर सकता है, जिससे कीमतें बढ़ जाएंगी। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने गुरुवार को सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरियों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को लिखे पत्र में इथेनॉल के उत्पादन के लिए गन्ने के रस का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया है। हालांकि, मंत्रालय ने पत्र में कहा है कि बी-हैवी शीरे से तेल विपणन कंपनियों को इथेनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी। मंत्रालय ने चीनी (नियंत्रण) आदेश 1966 के खंड 4 और 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी चीनी मिलों।

# तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की ताजपोशी

## एलबी स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रह समारोह कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

**शपथ दिलाई**

**8 राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के अलावा एक उप मुख्यमंत्री सहित 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।**







**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
कांग्रेस विधायक दल के नेता रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने एलबी स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि रेवंत रेड्डी तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के पहले मुख्यमंत्री नियुक्त हुए। दरअसल, साल 2014 में तेलंगाना राज्य का गठन हुआ था और तब से यहां पर के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। हालांकि, इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बीआएस को शिकस्त देकर सरकार का गठन किया।

**समारोह में कौन-कौन रहे मौजूद** : साल 2014 में बने राज्य के उप मुख्यमंत्री के तौर पर मल्लू बी. विक्रमार्क ने शपथ ली। एलबी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी और वायनाड सांसद राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

**विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ** : राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के अलावा एक उप मुख्यमंत्री सहित 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दो महिला विधायक भी शामिल हैं। मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों में एन उत्तम कुमार रेड्डी, सी दामोदर राजनरसिम्हा, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर, थुम्माला नागेश्वर राव सहित अन्य शामिल हैं।

**पीएम मोदी ने नए सीएम को दी बधाई:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने कहा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेवंत रेड्डी गारू को बधाई। मैं राज्य की प्रगति और उसके नागरिकों के कल्याण के लिए हरसंभव समर्थन का आश्वासन देता हूं।

**टीडीपी से कांग्रेस में हुए थे शामिल** : सनद रहे कि कांग्रेस ने बीआरएस को हराकर 119 में से 64 सीटों पर कब्जा किया, जबकि बीआरएस महज 39 सीटें जीतने में कामयाब हो पाई। नए मुख्यमंत्री की बात की जाए तो उन्होंने साल 2017 में टीडीपी को अलविदा कह कांग्रेस का दामन थाम लिया था। जून 2021 में रेवंत रेड्डी को एन उत्तम कुमार रेड्डी की जगह कांग्रेस ने प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया था।

### छह साल पहले कांग्रेस में आए रेवंत को यूं ही नहीं बनाया सीएम



**महज** छह साल पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए रेवंत रेड्डी पर तेलंगाना में कांग्रेस ने मजबूत दांव लगाया है। कहां जा रहा है कि पार्टी ने रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाकर तेलंगाना के सबसे मजबूत और प्रभावशाली रेड्डी समुदाय को अपने साथ जोड़ा है। इसके साथी पार्टी ने यह संदेश भी दिया है कि अगर दमदार व्यक्तित्व उनकी पार्टी में जुड़ता है, तो वह भी भारतीय जनता पार्टी की तरह दूसरे दल से आए नेता को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचा सकते हैं। पार्टी से जुड़े नेता भी मानते हैं कि रेवंत रेड्डी सिर्फ तेलंगाना ही नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण की सियासत में वाईएसआर की तरह मजबूत चेहरे बनकर आगे बढ़ेंगे। फिलहाल तेलंगाना में रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने दक्षिण के सियासत में मजबूत पैठ बनाने की रणनीति तैयार की है। तेलंगाना राज्य के बनने के बाद से पहली बार कांग्रेस को यहां सत्ता मिली है। सत्ता के साथ ही पार्टी ने राज्य के युवाओं की पसंद रहे रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बना कर राज्य में और पार्टी में बड़ा संदेश दिया है। सियासी जानकार और वरिष्ठ पत्रकार किरण डी कुमार कहते हैं कि रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाए जाने से कांग्रेस ने एक साथ कई निशाने साधे हैं। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात तो यही है कि कभी एबीवीपी और टीडीपी में रहे रेवंत रेड्डी को पार्टी ने सत्ता सौंप दी। वह कहते हैं कि इसका सीधा मतलब यही है कि कांग्रेस अब उस बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# 'मोदी के कारण भाजपा ने तीन राज्यों में जीते चुनाव'



**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**
**अरुणाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि भाजपा ने तीन राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों के कारण विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। यह बात उन्होंने यहां जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कही। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू आज इंडिगो की दिल्ली फ्लाइट से जोधपुर पहुंचे। वह अरुणाचल के एक आईएएस की बेटी की शादी में हिस्सा लेने जोधपुर आए। उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बात के दौरान कहा कि राजस्थान सहित तीन राज्यों में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री के कार्यों की वजह से है। तीनों बड़े राज्यों में जो विक्ट्री हुई है इससे पता चल रहा है कि प्रधानमंत्री ने जो नौ वर्षो तक काम किया है वह लोगों तक पहुंच रहा है। यह प्रधानमंत्री और भाजपा के कार्यों का रिफलेक्शन है। उन्होंने पूर्वोत्तर के लिए बात करते हुए कहा कि

**समारोह में शामिल**

**8 अरुणाचल के एक आईएएस की बेटी की शादी में हिस्सा लेने जोधपुर आए।**

2014 के बाद पूर्वोत्तर में डवलपमेंट हुआ है। नॉर्थ ईस्ट में हर जगह एयरपोर्ट और रेलवे व हाईवे बन गए है। उन्होंने बताया कि टांस्पोर्ट कम्युनिकेशन में नॉर्थ ईस्ट बॉटम नेक था लेकिन अब डवलपमेंट हो गया है। अब इतिहास की बात है कि पूर्वोत्तर में सुविधाओं का अभाव है। पेमा खांडू अरुणाचल के आईएएस शरद चौहान की बेटी की शादी में हिस्सा लेने जोधपुर पहुंचे। 1994 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. चौहान अरूणाचल प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव रहे हैं। वे जोधपुर के सरदार क्लब में अपनी बेटी की शादी कर रहे है।

# संसदीय दल की बैठक में मोदी का महामंत्र

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पर जाएं सभी सांसद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
तीन राज्यों में प्रचंड जीत के बाद गुरुवार को आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा पर जाने को कहा। उन्होंने अपने संबोधन में पांच राज्यों में भाजपा के चुनावी प्रदर्शन पर बात की। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा ने बहुमत के साथ सरकार बनाई और तेलंगाना व मिजोरम में भाजपा का संख्याबल बढ़ा है। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी दी कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में मिचौंग तूफान से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त किया गई। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन राज्यों में जीत के साथ मिजोरम और तेलंगाना में भी भाजपा का संख्याबल बढ़ा है। भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि भाजपा ने तीन राज्यों में जीत हासिल की। अब सभी सांसद 22 दिसंबर से 25 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लें और केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

### नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालकनाथ ने छोड़ी लोकसभा की सदस्यता

**जयपुर।** राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए अलवर के भाजपा सांसद बाबा बालकनाथ ने गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बालकनाथ ने गुरुवार को अपना इस्तीफा नई दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंपा। मुख्यमंत्री पद के लिए बाबा बालकनाथ का नाम भी चर्चा में है।
बाबा बालकनाथ ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्पीकर से मुलाकात की और फिर अपना इस्तीफा सौंपा। एक दिन पहले यानी बुधवार को भाजपा के 10 सांसदों ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दिया था।



प्रधानमंत्री नई दिल्ली में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देते हुए।

# अमेरिका से मिली जानकारी की जांच के लिए भारत ने बनाई समिति



**नई दिल्ली :** अमेरिका से मिली जानकारी के बाद भारत ने इसकी जांच के लिए एक समिति बनाई है क्योंकि यह देश की की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया है कि उनकी सरजमीं पर एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रचने में भारतीय शामिल हैं। अमेरिका के आरोपों पर राज्यसभा में सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में विदेश मंत्री ने जांच समिति बनाने की बात कही।

**विदेश मंत्री ने संसद में पूछे गए सवाल पर दिया ये जवाब:** विदेश मंत्री ने कहा कि 'जहां तक अमेरिका की बात है, हमारे सुरक्षा सहयोग के चलते अमेरिका ने हमें कुछ जानकारी दी थी।

# 'संविधान के प्रति लोगों को जागरुक कर रही है सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश के हर नागरिक को संविधान के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। वर्तमान सरकार के प्रयासों से लोग संविधान के प्रति जागरुक हो रहे हैं । कोविंद ने गुरुवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में 'नए भारत का सामवेद' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोग जब संविधान को जानेंगे तो उन्हें यह अहसास होगा कि संविधान की रचना करने वालों ने कैसे समाज के हर व्यक्ति की चिंता की थी। हमारा संविधान जागृत संविधान है। इसमें जरूरी संशोधन की व्यवस्था की गई है। धारा 370 को खत्म किया जाना इसका उदाहरण है। आईजीएनसीए के समवेत सभागार में प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान से जुड़े उद्बोधन के संकलन के विषय में आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि ह्यनए भारत का सामवेदह्ण नामक पुस्तक प्रधानमंत्री मोदी के संविधान पर दिए गए भाषणों का एक संकलित पुस्तक है। इसमें जो भी कंटेंट है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वेबसाइट से लिया गया है। इसमें कोई भी संपादन नहीं किया गया है।
लोकार्पण अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

# 'असम में 1966 से 1971 के बीच कितने बांग्लादेशियों को दी गई नागरिकता'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम में बांग्लादेशी प्रवासियों को प्रदान की गई भारतीय नागरिकता के आंकड़े उपलब्ध कराए। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंद्रेश, जस्टिस जेबी पाडीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की संविधान पीठ असम में घुसपैठियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा-6ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 17 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 11 दिसंबर से पहले हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को आंकड़े उपलब्ध कराए। साथ ही केंद्र को निर्देश दिया कि वह भारत में खासकर पूर्वोत्तर राज्यों में घुसपैठियों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उसे सूचित करे।

# मुख्यमंत्री ने डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय एफआरआई में आयोजित होने वाले डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल पर गुरुवार को सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानमंत्री 08 दिसंबर (शुक्रवार) को शुभारंभ करेंगे, जबकि गृहमंत्री अमित शाह 9 दिसंबर को समापन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अभी 3 लाख करोड़ के करार और 44 हजार करोड़ के करारों की ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अभी 3 लाख करोड़ के करार किए जा चुके हैं, जबकि 44 हजार करोड़ के करारों की ग्राउंडिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में कार्य करने के लिए निवेशकों की ओर से जो रुचि दिखाई गई है जिससे राज्य की प्रगति में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

**उद्घाटन** — मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2023 प्री-वाइब्रेंट इवेंट का किया शुभारंभ

# मोदी ने डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को विशेष महत्व दिया: राजीव





**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि आजादी के बाद भारत के इतिहास का सबसे स्वर्णिम और ऐतिहासिक समय अभी चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को विशेष महत्व दिया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2014 के बाद से देश में इन्वेस्टमेंट इकोसिस्टम और डिजिटल इकोसिस्टम लगातार प्रगति कर रहा है। एक समय में कंज्यूमर के रूप में जाना जाने वाला भारत पिछले नौ वर्ष में प्रोड्यूसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। केन्द्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को गांधीनगर के एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2023 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस कॉन्क्लेव का मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने उद्घाटन किया। राज्य के शिक्षा विभाग की ओर से वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के प्री-इवेंट के रूप में इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव - 2023 का आयोजित किया है।

**बढ़ावा**

**8 कंज्यूमर के रूप में जाना जाने वाला भारत पिछले नौ वर्ष में प्रोड्यूसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।**

केन्द्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। यह दशक देश में डिजिटल और टेक्नोलॉजी क्रांति का दशक है। वर्ष 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी का पांचवां हिस्सा होगी।
मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के टैलेंट पूल के सामर्थ्य को प्रोत्साहन देकर विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप इनोवेशन-नवाचार को प्राथमिकता दी है। यह कॉन्क्लेव गुजरात को देश और विदेश से जोड़ने वाले एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के इवेंट के रूप में स्टार्टअप निवेशकों और एंजेल नेटवर्क के विचारों और अवसरों के आदान-प्रदान के लिए एक सक्षम प्लेटफार्म के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

# 'गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में सरकार के प्रयास हुए सार्थक'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)राज्यपाल** बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास सार्थक हुए है। अब महोत्सव का आयोजन विदेशों में किया जा चुका है और आने वाले समय में भी अलग-अलग देशों में महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के संदेश को विदेशों तक पहुंचाने में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर केडीबी के सभागार में बनाए गए मीडिया सेंटर का उदघाटन करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय व विधायक सुभाष सुधा ने मीडिया सेंटर का उदघाटन किया।



राज्यपाल ने कहा कि कुरूक्षेत्र एक आध्यात्मिक, धार्मिक और शिक्षा का केन्द्र है। इस महान भूमि की धूल को मानव अपने माथे पर लगाकर स्वयं को धन्य मानता है। इसे भारत की प्राचीन संस्कृति का उद्गम स्थल भी कहा जाता है। कुरूक्षेत्र विश्वभर में ऋषियों-मुनियों तथा देवताओं की तपोस्थली, कर्मभूमि और यज्ञभूमि के रूप में विख्यात है। पत्रकार समाज का बेहद ही महत्वपूर्ण अंग होते है। प्रजातंत्र में प्रैस की भूमिका से आप भलीभांति परिचित हैं। प्रैस को प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ भी कहा जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश की आजादी से पहले भारत को आजाद करवाने और आजादी के बाद भी प्रैस ने राष्ट्र-निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपनी उपयोगिता को पूरी शक्ति के साथ प्रमाणित किया है।
उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के गठन के पश्चात 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के तीर्थों का विकास कार्य प्रारम्भ हुआ। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस क्षेत्र में सैंकड़ों तीर्थ फैले हुए हैं जिनमें से बोर्ड द्वारा अभी तक लगभग एक सौ चौंसठ (164) तीर्थों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। तीर्थ सर्वेक्षण का यह कार्य वर्तमान में भी निरन्तर चल रहा है।
अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आगामी 24 दिसंबर तक चलेगा और 17 दिसंबर को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कुरुक्षेत्र एक धर्मनगरी, कर्मनगरी, पुण्यभूमि और मोक्ष की भूमि है। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश व विदेश से कई शिल्पकार आ रहे है। गीता को विद्यार्थियों के बीच में ले जाकर उन्हें पवित्र ग्रंथ गीता के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। इस महोत्सव में गीता पाठ, गीता शखेकोच्चारण व संत सम्मेलन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनके अलावा गीता के विषय में जाने-माने कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, अंबाला मंडल आयुक्त रेणू फुलिया, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, एडीसी एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीथ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य अशोक रोसा, डा. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन अमरजीत सिंह, युद्धिष्ठर बहल आदि उपस्थित थे।

# बहादुरगढ़: विधायक राजेंद्र जून ने कार्यालय पर सुनी जन समस्याएं

**टीम एक्शन इण्डिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**कांग्रेस विधायक** राजेंद्र सिंह जून ने बृहस्पतिवार को दिल्ली रोहतक रोड स्थित कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने बिजली, पेयजल,सीवरेज सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मौजूदा समस्याओं से विधायक राजेंद्र सिंह जून को अवगत कराया। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निवारण में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें ताकि आमजन को समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि हरियाणा की जनविरोधी गठबंधन सरकार से आज प्रदेश के सभी वर्गों का मोहभंग हो चुका है। चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को झूठे सुनहरे सपने दिखाकर सत्ता हथियाने वाली खट्टर सरकार को 2024 में हरियाणा वासी अपनी एक-एक वोट की ताकत से सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुका हैं। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि जनता के जनादेश से आधुनिक हरियाणा के जनक भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को फिर से विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था, जन सुविधाओं के पथ पर आगे ले जाने के साथ-साथ सर्वजन हित में की गई घोषणाओं को धरातल पर लागू करके सभी वर्गों को लाभान्वित करने का काम करेंगे। कार्यालय पर जन समस्याएं सुनने के उपरांत विधायक राजेंद्र सिंह जून हलके में कई कार्यक्रमों में शरीक हुए।



# आधुनिक युग में बच्चों को भागवतगीता के ज्ञान से करायें अवगत: मिश्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्रीमद्भगवद्गीता** वह ज्ञान है जिसे अर्जित कर नास्तिक भी कर्म के पथ पर बिना किसी बाधा के चल पड़ता है।भगवद्गीता के ज्ञान से पापी एवं लोभी भी हर प्रकार की बुराई छोड़कर अच्छे कर्मों का हाथ थाम लेते हैं। किन्तु हमें यह ध्यान रखना होगा कि इन सभी सद्गुणों को अर्जित करने के लिए गीता के ज्ञान को अपने मस्तिक एवं हृदय में समाहित करना होगा। गीता के हर भाव से अपने कर्मों को परिचित कराना होगा जिसका आरम्भ यदि बाल्यावस्था से हो, तब वह और भी लाभदायक माना जाता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापकडा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस निवेदिता पब्लिक स्कूल में आयोजित व्यक्तित्व निर्माण में श्रीमदभगवदगीता विषय पर आयोजित श्रीमदभगवदगीता शिक्षा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। निवेदिता स्कूल के बच्चों ने सस्वर गीता के मंत्रो का उच्चारण किया। निवेदिता पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पहुंचने पर मुख्य वक्ता डा.




श्रीप्रकाश मिश्र का विद्यालय के प्रबंधक और शिक्षक समूह ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया।डा. श्रीमदभगवदगीता शिक्षा संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज के आधुनिक युग में बच्चों और युवाओं में कर्म का लोभ कम और पैसे , सम्मान एवं पुरस्कार का लोभ अधिक है।
आज की युवा पीढ़ी को श्रीमद्भगवद्गीता को अपने जीवन का अभिन्न-अंश बनाना होगा। परिवार के सदस्यों ही नैतिक कर्तव्य है की प्रतिदिन, नियमित रूप से आधा या एक घंटा बच्चों के साथ भगवत गीता के ज्ञान और श्लोकोच्चारण को समर्पित करें। कुछ समय बाद गीता के प्रतिदिन भी यह अभ्यास यह बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन जाएगा। गीता के श्लोक एक या दो बार से नहीं कंठस्त होंगे, उसके लिए परिवार के सदस्यों को बच्चों के साथ नियमित अभ्यास की आवश्यकता पर बल देना होगा। आप परिवार के सदस्य इस दिनचर्या को स्वयं पर लागू करेंगे तब बच्चों में भी इसके प्रति उत्साह एवं विचार उत्पन्न होगा। आज आवश्यकता है बश्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान देश पथ प्रत्येक बच्चों तक पहुंचाया जाय, जिससे बच्चों के संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि धर्मपाल सैनी ने भी सम्बोधित किया। आभार ज्ञापन निवेदिता पब्लिक स्कूल के निदेशक मेवाराम कश्यप ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के सदस्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पानीपत: नेफ्था क्रैकर पानीपत में हुई घटना

**पानीपत/ कमाल हुसैन**
**मैसर्स सीआर** 3 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो कि एक विशेष अनुबंधित एजेंसी है, पानीपत नेफ्था क्रैकर प्लांट, पानीपत के ईआरयू (एथिलीन रिकवरी यूनिट) में उत्प्रेरककी लोडिंग / अनलोडिंग का कार्य कर रही थी। कार्य के दौरान वेसेल में फ्लैश फायर हो गयी। इस घटना के दौरान, मेसर्स सीआर3 में कार्यरत दो संविदा कर्मचारी, जसविंदर सिंह, तकनीशियन और राहुल मसीह, तकनीशियन घायल हो गए। दुर्भाग्यवश, दोनों तकनीशियनों की मृत्यु हो गयी। इंडियन ऑयल शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पांच कल्याकि प्रतिष्ठा महोत्सव 30 से होगा शुरू

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत नव निर्मित भव्य** लघु सम्मेद शिखर जी एवं पार्श्वनाथ मंदिर का पांच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक एजुकेशन सिटी के पास स्थित अनेकांत धाम में धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया जायेगा, इसके अलावा पांच जनवरी से सात जनवरी तक महा मस्ताभिषेक का आयोजन होगा। यह जानकारी परम पूज्य उपाध्याय विशोक सागर महाराज ने पुराना शहर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के बाद अपने प्रवचन में दी। विशोक सागर महाराज का बैंडबाजों से एवं जय घोष के साथ सैंकड़ो धर्मावलम्बियों ने भव्य स्वागत किया।



पंचकल्याणक महोत्स्व धर्मा शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ससंघ एवं आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महाराज विशोक सागर के चरणों में वंदना करने के पश्चात अपने सम्बोधन में कहा कि पंचकल्याणक के माध्यम से इस एरिया में धर्म की गंगा बहेगी, इसमें हर कोई पुण्य का भागीदार बनने का प्रयास करे। उन्होंने आगे कहा कि संतों के दर्शन से हमारे जीवन का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि लघु सम्मेद शिखर का निर्माण हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और आने वाले समय में सम्मेद शिखर की कीर्ति पुरे उत्तर भारत ही नहीं बल्कि देश विदेश में फैलेगी । उन्होंने आगे पंचकल्याणक महोत्सव में सभी से बढ़ चढ़ कर भाग लेने और तन, मन, धन से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में अनेकांत धाम धर्म प्रभावना सेवा संघ के अध्यक्ष मुकेश जैन, महामंत्री रवि जैन, हेमंत भूषण, पिंटू जैन, प्रवीण जैन, दर्शन जैन, सिमा जैन, पंकज राय जैन, सुशिल जैन, अवनीश जैन सहित अनेकों भक्त उपस्थित रहे।

# सड़क पार कर रही सास-बहु व सहकर्मी को कार ने चपेट में लिया, दो की मौत

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही सास-बहु व बेटी व सहकर्मी को चपेट में ले लिया। हादसे में चोरों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान देर रात सास-बहू ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला खीरी के गांव सिसौरा निकुमपुर निवासी रजनीश ने बताया कि वह छह माह से अपनी मां मुनीषा देवी (48), पत्नी सविता (27), बहन सोनी देवी (19) के साथ प्याऊ मनियारी में किराए पर रहते है। वह बर्तन बनाने की फैक्टरी में काम करते है। वहीं उनकी मां, पत्नी व बहन कुंडली स्थित एक कंपनी में काम करती थी। बुधवार देर शाम फैक्टरी से छुट्टी के बाद उनकी मां, पत्नी, बहन व पड़ोस की रहने वाली शिल्पा पैदल ही प्याऊ मनियारी लौट रही थी।

# मोटे अनाजों पर आधारित दो दिवसीय किसान उत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत जिला के नागरिकों** को मोटे अनाजों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान उत्सव का आयोजन किया जा है।
बृहस्पतिवार को मेले का शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की श्रंखला में आयोजित इस मेले का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि हमारे किसान इसमें भाग लेकर सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक हो सके। इस दौरान उन्होंने मेले में प्राकृतिक व जैविक खेती और मोटे अनाजों पर आधारित लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। विधायक ने जिलावासियों से मोटे अनाज को प्रतिदिन के आहार में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि मोटा अनाज हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी है, इसलिए हमें इसे अपने हर रोज के आहार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज से बने व्यंजनों को खाना चाहिए। उन्होंने किसानों को कहा कि इस मुहिम को सफल बनाने में आपकी भूमिका सबसे ज्यादा अहम है इसलिए आप मोटे अनाज की सभी फसलों का उत्पादन करें। किसान उत्सव में मोटे अनाजों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाग ले रहे किसानों, बच्चों और महिलाओं से प्रश्न पूछे गए और सही जवाब देने वाले विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। उत्सव में पलवल से आए गायक पवन डागर ने अपने गीतों के माध्यम से उपस्थित किसानों को मोटे अनाजों और पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि आप किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ उठा सकते है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक डा. पवन शर्मा, सहायक अभियंता नवीन हुड्डा, डा. देवेन्द्र कुहाड़, जिला उद्यान अधिकारी राकेश कुमार, जिला मत्स्य अधिकारी कश्मीर सिंह, एडीओ मनोज कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग से डब्ल्यूसीडी गीता गहलावत, योगेश जठेड़ी, प्रगतिशील किसान भवर सिंह, जयपाल, सत्यवान दहिया सहित कृषि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मरियों के अलावा सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# सोशल साइटों के जरिए की जा रही पक्ष में वोट डालने की अपील

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत जिला सोनीपत बार** एसोसिएशन के चुनावों में वोट मांगने की प्रक्रिया आज के दौर में बदल चुकी है। इस बार हो रही चुनाव में उम्मीदवार को सोशल साइटों का ज्यादा से ज्यादा सहारा लेना पड़ रहा है। उम्मीदवार अपने दोस्तों व जानकारों के जरिए अधिवक्ताओं के पास सिफारिश भेजकर अपने पक्ष में वोट की अपील करवा रहे है। वही बार चुनाव करवाने वाली गठित कमेटी की तरफ से बैनर, पोस्टर लगने व घर पर जाकर वोट मांगने पर रोक लगा रखी है। ऐसे में उम्मीदवार चैंबरों व एक-एक सीट पर जाने सहित सोशल साइटों के जरिए अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे है। बता दें कि जिला बार एसोसिशन के चुनाव आगामी 15 दिसंबर को होगें। उसी दिन वोट डालने के बाद देर शाम तक रिजल्ट भी घोषित किया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार जिला बार में कुल 1305 वोटर चुनाव में खड़े होने वाले उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेगें। अपने अधिवक्ता वोटर साथियों के पास अपने पक्ष में वोट डालने की अपील करने के लिए उम्मीदवार कड़ी मेहनत करने पर जुटे हुए है।

# महोत्सव के दौरान विशेष बसों में मिलेंगी 50 फीसदी की छूट: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि वीरवार से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है, इस महोत्सव में दूर-दूर से पर्यटक और श्रृद्धालु पहुंच रहे है। इनकी सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए पिपली से ज्योतिसर और ज्योतिसर से पिपली तक के लिए 2 बसे विशेष तौर पर चलाई गई है ताकि किसी को कोई समस्या ना आए। विधायक सुभाष सुधा वीरवार को नए बस स्टैंड पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए विशेष तौर पर चलाई गई 2 बसों को झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि यह 2 बसे पूरा दिन चलेंगी और इन बसों में यात्रियों को विशेष कूपन भी दिए जाएंगे। इन कूपन को देने से यात्री का इन बसों में महोत्सव को देखते हुए आधा किराया लगेगा। यह दोनों बसे प्रातः 8 बजे चलेंगी, एक बस पिपली से ज्योतिसर और दूसरी बस ज्योतिसर से पिपली चलेंगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अगर जरुरत पड़ी तो ओर बसे भी चलाई जाएंगी। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 24 दिसंबर 2023 तक चलेगा और 17 दिसंबर को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के शिल्पकार और कलाकार शिरकत कर रहे है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में पर्यटकों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा भी चलाई जा रही है ताकि किसी को भी कोई समस्या ना आए। इस अवसर पर जीएम रोडवेज सुखदेव सिंह, वर्क मैनेजर समिंद्र सिंह, केडीबी के पूर्व सदस्य सौरभ चौधरी, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज किडजी,किड्स** प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। जिसमें कप्तान गुरमेल सिंह जी, कप्तान अशोक जी,सूबेदार रविंद्र कौशिक जी, वायु सेना से पवन सैनी जी तथा अग्नि सुरक्षा निदेशक कप्तान गुरमेल सिंह जी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए तथा भारतीय सेवा के जवानों को आभार व्यक्त करते हुए उनके लिए धनराशि एकत्रित करना है।यह दिवस सर्वप्रथम 7 दिसंबर,1949 को मनाया गया



था। विद्यालय, स्टाफ विद्यार्थियों तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा भी सशस्त्र सेवा झंडा दिवस के अवसर पर अंशदान किया ।
विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि देश के सुरक्षा बल एवं सेना के जवान चौबीस घंटे सीमा पर तैनात रहकर देश को भीतरी सुरक्षा उपलब्ध करवाते हैं, जिसकी बदौलत हर देशवासी चैन की नींद सोता है। उन्होंने कहा कि हम शहीदों का कर्ज तो किसी भी कीमत पर नहीं उतार सकते, लेकिन अपनी तरफ से शहीदों के परिवारों का सम्मान व उनकी सहायता तो कर ही सकते हैं।

## अलग-अलग स्थानों से तीन मोटरसाइकिल चोरी

**सोनीपत। शहर** में अलग-अलग स्थानों से तीन मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले सामने आए है। पीड़ित वाहन चालकों ने मामलों को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि बाइक चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके।गांव भदाना निवासी हिमांशु ने बताया कि वह अपनी सगी बहन की बाइक को लेकर अपने गांव से कोर्ट सोनीपत में किसी काम से आया हुआ था। जो उसने बाइक कोर्ट की तरफ जाने वाले रास्ते के बाहर पुलिस लाईन के सामने दूसरी तरफ सोनीपत से गोहाना रोड पर खड़ी कर दी थी।

# पिस्तौल के बल पर लूट व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया कुंडली** थाना पुलिस ने पिस्तौल के बल पर लूट व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विरेंद्र निवासी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। उत्तर प्रदेश आगरा युसुफपुर हाल में गाजियाबाद के खोडा निवासी पंकज बघेल ने गत 7 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी वैगन-आर कार को कैब में चलाता है। वह 5 नवंबर की देर शाम को गाजियाबाद स्थित शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तीन युवक उनके पास आए। उन्होंने दिल्ली के बुराड़ी के लिए उनकी कार को बुक किया था। वह कैब को लेकर बुराड़ी के लिए चल पड़े। जब वह रास्ते में पहुंचे तो इसी दौरान एक युवक ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल अड़ा दी। उन्होंने उनकी कार को रुकवा लिया। उसके बाद उन्हें पीछे की सीट पर बैठा लिया और हरियाणा की तरफ चल पड़े। उन्होंने मारपीट कर उनका मोबाइल, डेबिट कार्ड, 15 सौ रुपये व कागजात छीन लिये। वह गाड़ी को घुमाते रहे और देर रात को कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में उतारकर उनकी गाड़ी लेकर भाग गए। उन्होंने राहगीर से मोबाइल लेकर अपने परिजनों से बातचीत की। जिसके बाद वह अपने घर गए। उन्होंने 6 नवंबर को गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली थाने में शिकायत देने के लिए पहुंचा। जहां से उन्हें सिहानी गेट थाने में भेज दिया गया। वहां भी उनका मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। वहां से उन्हें बुराड़ी दिल्ली थाने में भेज दिया। वह बुराड़ी पहुंचे तो वहां भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सका।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अंशदान देकर होती है गर्व की अनुभूति

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रदेश व देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान का किया आह्वान

**जानकारी...**

8 सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार कटिबद्ध, हरियाणा में अलग से गठित किया है सैनिक व अर्द्धसैनिक कल्याण विभाग।



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जल, थल और नभ के शूरवीरों को नमन करते हुए कहा कि सैनिक विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में अपने अजेय पराक्रम से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के प्रति सदैव तत्पर रहता है। हम सभी देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले योद्धाओं के प्रति कृतज्ञ हैं। मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर राज्य सैनिक एवं अर्द्धसैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के माध्यम से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अंशदान दिया। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान दें, ताकि इस योगदान से जो सैनिक देश सेवा करते हुए शहीद हो जाते हैं या शारीरिक रूप से अशक्त हो जाते हैं, उन बहादुर सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण में सहयोग हो सके।

**हरियाणा के रणबांकुरों ने सदैव देश की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया:** मनोहर लाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अंशदान देकर गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने जवानों के अदम्य साहस व शौर्य को नमन करते हुए कहा कि हरियाणा में सैनिकों की वीरता व बलिदान की परंपरा रही है। आजादी से पहले व आजादी के बाद, हरियाणा के रणबांकुरों ने देश की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कारगिल युद्ध में जिस प्रकार से हमारे वीर जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार पूर्व सैनिकों, शहीदों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है व उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की दूरदर्शी योजना यानी अग्निपथ का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त योजना देश की सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए युवाओं को एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। योजना को लेकर प्रदेश के युवाओं में विशेष उत्साह है।

## हरियाणा में दिख रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का असर

**चंडीगढ़:** अंत्योदय दर्शन के अनुरूप समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान व उन तक योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से देशभर में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरियाणा में बड़ा असर दिख रहा है। यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को घर द्वार पर ही सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। लगातार सातवें दिन भी यात्रा में प्रदेशवासियों ने गहरी दिलचस्पी दिखाई। 100 से भी ज्यादा ग्राम पंचायतों/वार्डों में लगभग 49,000 लोगों ने भागीदारी कर यात्रा का स्वागत किया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

**सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को मिल रहा जनसमर्थन:** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर नागरिकों को एक नई उम्मीद देने का काम किया है। एक ओर जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नागरिकों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है तो वहीं जनसंवाद के माध्यम से लोगों की शिकायतों व समस्याओं का भी त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, निरोगी योजना, परिवार पहचान पत्र इत्यादि को जनसमर्थन मिल रहा है। नागरिक स्वयं कह रहे हैं कि मोदी और मनोहर सरकार ने उन्हें योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन का उत्थान किया है।

**हेल्थ कैंपों में पहुंचे लगभग साढ़े 12 हजार लोग:** सातवें दिन यात्रा के दौरान विभाग द्वारा लगाए गए हेल्थ कैंपों में लगभग साढ़े 12 हजार लोग पहुंचे और उनका हेल्थ चैकअप किया गया। लगभग 8000 लोगों की टीबी की जांच की गई।

## गरीबों को मुफ्त राशन साबित हो रहा जुमला: कुमारी सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा गरीब लोगों को मुफ्त राशन देने की घोषणा हरियाणा में जुमला ही साबित हो गई। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार भी लोगों को गरीबी रेखा के अंदर ज्यादा लोगों को लाने के लिए दायरा तो बढ़ाने लगी, लेकिन इनके लिए सुविधाओं में इजाफा करवाना ही भूल गई। प्रदेश व केंद्र सरकार में आपसी समन्वय न होने के कारण आज प्रदेश के 42 लाख लोगों को राशन तक नहीं मिल पा रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार के दोनों ही इंजन फेल हो चुके हैं। प्रदेश के लोगों की बात केंद्र तक पहुंचाने में गठबंधन सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार प्रदेश में होने के बावजूद केंद्र सरकार हरियाणा की तरफ किसी तरह का ध्यान नहीं दे रही है। यही कारण है कि राशन डिपो पर पहुंचने वाले राशन की मात्रा प्रदेश में मौजूद गरीब परिवारों के अनुसार नहीं भेजी जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के दायरे में आ चुकी है। ये 42 लाख परिवारों के करीब 1 करोड़ 68 लाख लोग बनते हैं। ऐसे में बीपीएल की श्रेणी में आए लोग राशन लेने के लिए डिपो पर पहुंचते हैं तो उन्हें राशन नहीं मिल पाता।

## प्रत्येक माह नागरिकों को मिलेगा बिजली का बिल: ऊर्जा मंत्री रणजीत

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**हरियाणा** के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने वीरवार को हिसार के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में शिरकत कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। समस्याओं के निवारण हेतु उन्होंने अधिकारियों को तत्परता से समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बिजली पंचायत में चार जिलों की 20 ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न गांवों से आए हुए जनप्रतिनिधियों ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। बिल देरी से आने की समस्याएं को लेकर उन्होंने कहा कि इस विषय बारे बैठक आयोजित करके जल्द ही निर्णय लिया जाएगा, ताकि प्रत्येक माह नागरिकों को बिजली के बिल मिल सके। अधिकारियों को ढाणियों में लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र मुहैया करवाने व उपभोक्ताओं के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने की हिदायत दी। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को ओवर बिलिंग के मामलों का निपटारा, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने व बिजली चोरी की रोकथाम, ओवरलोड की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में सरकार के प्रयास हुए सार्थक

**उद्घाटन**

8 राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मीडिया सेंटर का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास सार्थक हुए है। अब महोत्सव का आयोजन विदेशों में किया जा चुका है और आने वाले समय में भी अलग-अलग देशों में गीता महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के संदेश को विदेशों तक पहुंचाने में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बंडारू दत्तात्रेय आज अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड(केडीबी) के सभागार में बनाए गए मीडिया सेंटर का उद्घाटन करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र एक आध्यात्मिक, धार्मिक और शिक्षा का केन्द्र है। इस महान भूमि की धूल को मानव अपने माथे पर लगाकर स्वयं को धन्य मानता है। इसे भारत की प्राचीन संस्कृति का उद्गम स्थल भी कहा जाता है। कुरुक्षेत्र विश्व भर में ऋषियों-मुनियों तथा देवताओं की तपोस्थली, कर्मभूमि और यज्ञ भूमि के रूप में विख्यात है। उन्होंने कहा कि प्रैस को प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ भी कहा जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश की आजादी से पहले भारत को आजाद करवाने और आजादी के बाद भी प्रैस ने राष्ट्र-निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपनी उपयोगिता को पूरी शक्ति के साथ प्रमाणित किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के गठन के पश्चात 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के तीर्थों का विकास कार्य प्रारम्भ हुआ। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस क्षेत्र में सैंकड़ों तीर्थ फैले हुए हैं जिनमें से बोर्ड द्वारा अभी तक लगभग एक सौ चौंसठ (164) तीर्थों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। कुरुक्षेत्र एक धर्मनगरी, कर्मनगरी, पुण्य भूमि और मोक्ष की भूमि है। गीता को विद्यार्थियों के बीच में ले जाकर उन्हें पवित्र ग्रंथ गीता के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है।



## प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

### खतौली, गरनाला और बरनाला में 21 सदस्यीय कमेटियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**

आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा की अगुवाई में वीरवार को क्षेत्र के तीन गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मान समारोह में 21 सदस्यीय नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने अम्बाला छावनी के गांव खतौली, गरनाला और बरनाला में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी अवतार सिंह बलाना भी मौजूद रहे सभी कार्यकताओं को मेम्बरशिप कार्ड भी वितरित किए गए। चित्रा सरवारा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और प्रदेश में लोग लगातार आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। आज के समय में हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन सबसे मजबूत है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता किसी भी स्थिति और हालात से लड़ने के लिए तैयार है। इनके मन में एक ही जज्बा है कि सरकार बदलनी है और हरियाणा में भी आम आदमी की सरकार बनानी है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार है, 2024 में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेंगे।



**बढ़ता जनाधार**

8 आप कार्यकर्ता हर स्थिति और हालात से लड़ने को तैयार

8 हरियाणा में लगातार बढ़ रही आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता : चित्रा सरवारा

## नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मुख्य भूमिका निभाएं: विधायक दुड़ाराम

### ग्रामीण भाईचारा कायम रखते हुए गांवों के चहुंमुखी विकास में दें योगदान

**जनसंवाद ...**

8 विकसित भारत संकल्प यात्रा–जन संवाद के तहत गांव ढाणी टाली में कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के विधायक दुड़ाराम ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा - जन संवाद के अंतर्गत जिला फतेहाबाद के गांव ढाणी टाली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में भाईचारा बनाएं रखें और गांव के चहुंमुखी विकास में योगदान दें। प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान विधायक दुड़ाराम ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल्स लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर ही योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। दुड़ाराम ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता देने का कार्य किया है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिनके बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक दुड़ाराम द्वारा क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, प्रतिभावान खिलाड़ियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत करवाई गई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**सड़क** दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से पंचकूला में आईआईटी मद्रास के सहयोग से जल्द ही पायलट प्रौजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इस प्रौजेक्ट के तहत पंचकूला के सभी अस्पतालों व एम्बुलैंसो का डाटा अपलोड किया जाएगा ताकि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को जल्द ही चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

यह जानकारी आज पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान दी गई। इस बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के ट्रैफिक विंग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस महानिदेशक ने ट्रैफिक नियमों की पालना करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के उपरांत सबसे ज्यादा जरूरी है कि दुर्घटनाग्रस्त घायल व्यक्ति को ह्यगोल्डन ऑवरह्य अर्थात जिस अवधि के दौरान उपचार मिलना जरूरी है, अस्पताल पहुंचाया जाए। इतना ही नहीं, अस्पतालों की भी उनकी परफॉर्मेंस के हिसाब से रेटिंग की जाएगी। जिस अस्पताल में घायल व्यक्ति का सर्वाइवल रेट जितना अधिक होगा अस्पताल को उतनी ही अच्छी रेटिंग दी जाएगी और जहां पर घायल व्यक्ति की मृत्यु का आंकड़ा अधिक होगा उसकी रेटिंग कम होगी। इस सारी प्रक्रिया को मोबाइल एप श्संजयाश से कनेक्ट किया जाएगा। इस मोबाइल ऐप पर जिला की बड़ी सड़को, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग तथा अन्य जिला की सड़कों के मैप को जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश भर के अस्पतालों तथा एंबुलेंस का डाटा भी इस मोबाइल ऐप में उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस बारे में एक प्रस्ताव बनाकर हरियाणा सरकार को भेजा जाएगा।

## हरियाणा में गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में आंदोलन शुरू

**चंडीगढ।** हरियाणा में श्री राजपूत करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में गुरुवार को आंदोलन शुरू हो गया। सोनीपत जिले के कुंडली में गुरुवार को पृथ्वीराज चौहान चौक पर करणी सेना के कार्यकताओं ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने दोनों आरोपियों का पुतला जलाया। करणी सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक चौहान ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दो आरोपियों ने गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। जिससे लोगों में आक्रोश है। राजस्थान पुलिस की ओर से दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। दोनों आरोपियों को कड़ी सजा देने व देश में आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। दीपक चौहान ने कहा कि अगर जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न हुई तो करणी सेना की ओर से हरियाणा में भी बंद का एलान किया जाएगा। करणी सेना गोसेवा दल के जिला संयोजक सिद्धार्थ ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी गोरक्षा की आवाज उठाते थे। वह गरीब और पीड़ित लोगों की मदद किया करते थे। उधर करनाल में शनिवार को राजपूत धर्मशाला में राजपूत सभा की बैठक आयोजित की गई है।

## चंडीगढ़: संकल्प यात्रा का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

युवाओं का सरकारी नौकरी लेकर रियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा में युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 10 हजार से अधिक सरकारी नौकरी देकर उनका मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार परक विषयों को शिक्षण व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा कौशल विकास निगम के तहत एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने आज जगाधरी के गांव संखेड़ा व जटहेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। संकल्प यात्रा का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आम नागरिकों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अब लोगों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है बल्कि जिन व्यक्तियों की आयु 60 साल की हो जाती है तो ऑनलाइन विभाग द्वारा उनकी पेंशन बनाई जा रही है। इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हरियाणा में 15 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फैसले खरीदी जा रही हैं। वहीं 21 प्रकार की सब्जियों को भावांतर भरपाई योजना के तहत लिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल द्वारा विकसित भारत जनसंवाद संकल्प कार्यक्रम के दौरान गांव जटहेड़ी में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से बने बारात घर का उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प कार्यक्रम में एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल में बैंक की स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्प डेस्क, आयुष कैंप, क्रिड हेल्प डेस्क, शिक्षा विभाग की स्टॉल, सीएससी स्टॉल, पीएम उज्ज्वला योजना, मेरा भारत पंजीकरण हेल्प डेस्क भी लगाई गई। मुख्य अतिथि ने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ स्टालों का अवलोकन किया।



# घरौंडा में यमुना बेल्ट के लिए नई आईटीआई को मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

## विधायक कल्याण के प्रयास से विधानसभा को मिली दूसरी आईटीआई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**घरौंडा** विधानसभा की यमुना बेल्ट के विकास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। विधायक हरविंदर कल्याण के लंबे समय से चल रहे प्रयासों को आखिरकार अब रंग लगा है, जब घरौंडा विधानसभा के यमुना क्षेत्र के गाँवों के लिए नई आईटीआई की उनकी पुरानी माँग को भी प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी है।
गौरतलब है कि वर्ष 2018 में घरौंडा के साथ लगते गाँव बसताडा की नेशनल हाईवे पर स्थित पंचायती जमीन पर नई आईटीआई का निर्माण हुआ था, जिससे घरौंडा क्षेत्र के युवाओं को काफी लाभ हुआ है। विधायक कल्याण ने बताया कि अब यमुना क्षेत्र के साथ लगते गाँवों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नई आईटीआई को भी मंजूरी दे दी है, जो कि कुंजपुरा ब्लॉक के गाँव नली खुर्द की पंचायती जमीन पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई आईटीआई बनने के बाद यमुना क्षेत्र के युवाओं को भी बहुत लाभ होगा, जिसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल



का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि घरौंडा विधानसभा अन्य सरकारों के समय में लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है तथा जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तभी से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में पूरे क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास हुआ है। विधायक कल्याण ने कहा कि घरौंडा विधानसभा का यमुना नदी के साथ लगता पूरा क्षेत्र जो कि बहुत पिछड़ा हुआ था, उसके विकास पर भाजपा सरकार आने के बाद से विशेष फोकस रखा गया है तथा पिछले वर्षों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से यमुना क्षेत्र के गाँवों का शिक्षा, स्वास्थ्य व नई सडकों सहित काफी विकास हुआ है। यमुना क्षेत्र के बहुत से स्कूलों को बारहवीं कक्षा तक अपग्रेड किया गया है तथा पिछले वर्षों में बनाई गई पाँच नई पीएचसी में से चौरा, बरसत व मिरगैन गाँवों में बनीं पीएचसी का लाभ सीधे तौर पर यमुना क्षेत्र के लोगों को ही होगा। विधायक ने कहा कि वह पूरे विधानसभा क्षेत्र के समान विकास तथा क्षेत्र के लोगों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध हैं तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से जहां घरौंडा विधानसभा का पिछले नौ वर्षों में अभूतपूर्व विकास हुआ है
वहीं आने वाले समय में भी विकास की गति को बरकरार रखा जाएगा।

# एसडीएम ने दलों के प्रधान व सचिव के साथ की बैठक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एसडीएम** अनुभव मेहता द्वारा 21-करनाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी राजनैतिक दलों के प्रधान/सचिव के साथ एक मीटिंग का आयोजन अपने कार्यालय में किया गया। मीटिंग के दौरान एसडीएम अनुभव मेहता ने सभी राजनैतिक दलों के
प्रधान/सचिव को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, चण्डीगढ के निदेर्शानुसार 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 9 दिसंबर 2023 तक चलाया जाएगा तथा उपायुक्त करनाल के आदेशानुसार 21-करनाल विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र में पात्र व्यक्तियों की अधिक से अधिक संख्या में वोट बनाने का कार्य सभी बीएलओज द्वारा 9 दिसंबर तक पूरा किया जाना है।

## न्यूज फ्लैश

### ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिडकाव करने के लिए किसानों को किया जाए प्रेरित: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में कृषि विभाग व इफ्को के अधिकारियो की बैठक ली और कहा कि ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिडकाव पहले प्रगतिशील किसानों के खेतों में किया जाए ताकि दूसरे किसान भी यह तकनीक को अपनाने की प्रेरणा मिल सके।
उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस नई तकनीक के बारे में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक करें ताकि वे कम खर्चे में अधिक फसल उत्पादन ले सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला में ड्रोन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।
बैठक में कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जिला करनाल में नैनो यूरिया को बढ़ावा देने के लिए व अंधाधुंध उर्वरकों के इस्तेमाल को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विस्तरित कार्य योजना तैयार की गई है। जिसके तहत ड्रोन के माध्यम से जिला में रबी सीजन के दौरान 7 हजार एकड़ में नैनो यूरिया का छिडकाव इच्छुक किसानों के खेतों में किया जाएगा। इसमें किसान से सौ रुपए प्रति बोतल/प्रति एकड़ लिया जाएगा। बाकि सारा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इसका लाभ लेने के लिए सर्व प्रथम किसान को मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, दृश्य से विंग कमांडर जीएस पुनिया, इफ्को के सीनियर फील्ड मैनेजर डॉ. निरंजन सिंह, कृषि विभाग के जे.ई अनील कुमार, टी.ए सुरेन्द्र कुमार, किसान राम सरूप, राजेश, हिसम सिंह, सुखविंद्र मौजूद रहे।

### भारतीय सेना देश की रक्षा के साथ-साथ नागरिकों की प्राकृति आपदा के समय मदद करने में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से देश का हर नागरिक परिचित है। हमारी सशस्त्र सेनाओं का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है, जिन्होंने हमारे देश की सेवा करते हुए थल, जल, वायु सेनाओं में जो कुर्बानियां दी हैं, उनके उल्लेख की कोई आवश्यकता नहीं है।
लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में उपायुक्त ने पूरे देश में मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी एवं कर्नल राजीव कुंडू व उनके स्टाफ से एमएम यादव, अनील कुमार कथूरिया, ईश्वर चंद व कुलदीप सांगवान से झंडा लगवाया तथा उन्हें झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उक्त कर्मचारियों ने अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को भी झण्डा लगाया।
उपायुक्त ने कहा कि सशस्त्र सेनाएं शांति के समय में भी हमारे राष्ट्र की रक्षा करते हैं। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिकों की मदद में वे जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उससे भी हम परिचित हैं। अपने वीर जवानों के लिए हमारा यह कर्तव्य बनता है कि जब वे दूर नव, समुंदर या थल सीमाओं की रक्षा कर रहे हो तो हम उनके परिवारों की देखभाल करें और जिन वीरों ने मृतभूमि की रक्षा और अखंडता के लिए बलिदान दिए हैं उनको व उनके आश्रितों को सहायता उपलब्ध करवाएं।
उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की भांति सशस्त्र सेना झंडा दिवस को पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। हम सभी जानते हैं कि हरियाणा प्रदेश के वीर जवान हमारी सशस्त्र सेनाओं का गौरव है, इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम सब इस महान कार्य के लिए उदारतापूर्वक योगदान दें, ताकि इस राशि से भूतपूर्व सैनिकों और सशस्त्र सैनिकों के परिवारों को सहायता व राहत उपलब्ध करवाई जा सके, जिन्होंने अपनी मृतभूमि की रक्षा और अखंडता के लिए कुर्बानियां दी हैं।

### कुकर्म करने के बाद गला दबा कर की थी 17 वर्षीय किशोर की हत्या, आरोपित दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**गन्नौर:** गांधी नगर में 17 वर्षीय किशोर की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुए दोनों आरोपितों को गन्नौर थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से आरोपित सुरेंद्र उर्फ छमका व जितेंद्र उर्फ लिली को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपितों ने किशोर के साथ कुकर्म किया था। जिसके बाद उन्होंने किशोर की गला दबा कर हत्या कर दी थी। अब पुलिस रिमांड अवधि के दौरान पुलिस मोहित के कपड़े व कड़ा बरामद करने का प्रयास करेगी। बता दें के गांधी नगर का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर 29 नवंबर को गुमड रोड स्थित गार्डन में शादी समारोह में गया था, जिसके बाद वह वापस नही लौटा।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर 12 दिसम्बर को निकाली जाएगी वॉकथॉन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीसी डॉ.** वैशाली शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर वॉकथॉन का आयोजन 12 दिसम्बर को मॉडल संस्कृति कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल से किया जाएगा। यह वॉकथॉन उक्त स्कूल से शुरू होकर निरंकारी भवन के नजदीक पर स्थापित रामगढिया चौक से होते हुए हांसी चौक, सदर बाजार से गुजरते हुए वापिस स्कूल में समापन होगा। इस वॉकथॉन में 1 हजार बालिकाएं हिस्सा लेंगी, जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के संबंध में आमजन को जागरूक करेंगी।
एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान के बाद लिंगानुपात में काफी सुधार आया है। लोगों को और जागरूक करने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत करनाल में इस वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्कूल की एक हजार छात्राएं हिस्सा लेंगी और पैदल मार्च करते हुए जागरूकता अभियान चलाएंगी। विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित
एडीसी ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उक्त स्कूल में ही इसी दिन विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिन महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है, उनकी डाक्यूमेंट्री चलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त समाज से जुड़ी कुछ प्रसिद्ध हस्तियों को कार्यक्रम में अपने विचार सांझा करने के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा।

# दिनेश बख्शी ने प्लेटलेटस दान कर पेश की मानवता की मिशाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**लक्ष्य** जनहित सोसाइटी के फाउंडर ने एक बार फिर प्लेटलेट्स दान कर मानवता की मिशाल पेश की। आज एक फोन आने पे दिनेश बक्शी ने तुरंत जाकर प्लेटलेट्स दान किए।
दिनेश बक्शी ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति महीने में 2 बार प्लेटलेट्स दान कर सकता है। प्लेटलेट्स दान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती और ये जल्द ही शरीर में दोबारा बन जाते हैं।
दिनेश बक्शी अब तक 131 बार ब्लड डोनेट व 73 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। इन्हें जब भी कोई सेवा की कॉल आती है तो ये तुरंत वहां पहुंच कर सेवा पूरी करते हैं।

# करनाल : सीजेएम जसबीर कौर ने किया नारी निकेतन का दौरा


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आज नारी निकेतन में रहने वाले महिला /कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए उन्होंने नारी निकेतन करनाल का दौरा किया। उन्होंने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया।
उन्होंने अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि महिलाओं को कानूनी सेवा प्राधिकरण



अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। ऑफिसर को विशेष रूप से उन महिलाओं को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं और ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया आदि के बारे में अवगत कराया गया।
सीजेएम ने बताया कि महिला न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और महिलाओं के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि नारी निकेतन और निरीक्षण गृह के आसपास साफ-सफाई रखें।

# सड़कों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फूसगढ़ स्थित** गौशाला से दुधारू व गर्भावस्था की गायों को खुली बोली के माध्यम से बेचने के बाद गौशाला में मौजूद शैड में गायों को रखने के लिए कुछ जगह बन गई है, जिसके बाद नगर निगम द्वारा सडकों पर भटकती गायों को पकड? का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत करीब 20 गाय व नंदी पकड़े गए हैं। गुरूवार को यह जानकारी उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी।
उन्होंने बताया कि शहर की सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड? का अभियान नगर निगम द्वारा समय-समय पर



चलाया जाता है, परंतु गौशाला में गायों की संख्या अधिक हो जाने के कारण इसे कुछ समय के लिए रोका गया था। सडकों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था की गायों को बोली के माध्यम से बेचने की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत करीब 80 गायों की ब्रिकी की गई है। इसके चलते गौशाला के शैड में गायों को रखने के लिए कुछ जगह बन पाई है। इसलिए गायों को पकड? का अभियान पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के मॉडल टाऊन, राम नगर, प्रेम नगर, सैक्टर-4, 7 व 12 से सडकों व गलियों में भटकती गाय व नंदियों को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में रखा गया है। गौशाला में गायों को समय पर चारा इत्यादि दिया जाता है। सुबह व सांय, दोनो समय गायों को घूमने-फिरने के लिए गौशाला परिसर में ही मौजूद खाली जगह पर खुले में छोड़ा जाता है। गायों की अच्छे से स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है, इसके लिए पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर की गौशाला में केयर टेकर के रूप में नियुक्ति की हुई है।
उप निगमायुक्त ने डेयरी संचालकों व नागरिकों से अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सडकों पर आवारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकड? का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# सफलता से पहले जिम्मेदारी के अहसास का होना ज्यादा महत्वपूर्ण: प्रीतपाल सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सैंट थेरेसा** कॉन्वेंट स्कूल में आज 500 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने अपने सपनों के भारत की सोच को रंगों से सजाया और देश के उज्जवल भविष्य की अपनी कल्पना को पोस्टर के रूप में प्रदर्शित किया। मेरे सपनों का भारत विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में छठी से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले स्थान पर संयुक्त रूप से असीस कौर व अंजू को सम्मानित किया गया, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर ओजस्वी व पवनी ग्रोवर रहे। उल्लेखनीय है कि करनाल की अग्रणी सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा आजकल करनाल के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर शुरू किए गए इस अभियान को देश की बात नाम दिया गया है। सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेस, कानन इंटरनेशनल व प्रथम के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य देश की भावी पीढ़ी यानि विद्यार्थियों को सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने के गुर सिखाना है, ताकि वे बड़े होकर अपने बेहतर भविष्य व एक अच्छे समाज व राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बन सकें। अभियान के तहत आज सैंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में मोटिवेशनल चर्चा रखी गई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने सफलता के 10 सूत्रों की विस्तार से जानकारी दी और साथ ही मोटिवेशनल कहानियाँ सुनाकर बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारण और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का तरीका बताया।

# बैंक में लाखों रुपये का गबन करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर:** बंधन बैंक में लाखों रुपये का गबन करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बैंक प्रबंधक अशोक कुमार, खजानची देवेंद्र कुमार व सलीम जिला शामली, यूपी के रहने वाले हैं। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि बंधन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अजय सिंह ने शिकायत दी थी कि ब्रांच प्रबंधक अशोक कुमार व खजांची देवेंद्र कुमार ने बैंक में लोन लेने आए उपभोक्ताओं से करीब 35 लाख 35 हजार रुपये हड़प लिये। उनका सहयोगी सलीम फिल्ड में रह कर बैंक से लोन लेने वाले उपभोक्ताओं से किस्त लेने का काम करता था। वह लोगों से किस्त लेकर बैंक में जमा नही करता था। प्रबंधक अशोक कुमार व देवेंद्र कुमार भी उपभोक्ताओं की किस्त न जमा करके पैसे हड़प रहे थे।

# अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए विभाग ने किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**खाद्य** सुरक्षा मिशन के तहत किसान विभाग निरंतर किसानों को मोटे अनाज के प्रति जागरुक कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कृषि विभाग घरौंडा द्वारा मोटे अनाज की महत्त्वता के प्रति कैमला तथा फरदीपुर गांव के किसानों को विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से जागरुक किया गया।
इस अवसर पर कृषि विभाग की और से डॉ.जश्नप्रीत ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई और उपस्थित किसानो को मोटे अनाज की खूबियां



बताई गई। उन्होंने कहा कि हम सभी को कम से कम हफ्ते में एक बार अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने का प्रण अवश्य करना चाहिए।
डॉ. जश्नप्रीत ने मोटे अनाज से स्वास्थ्य को होने वाले लाभ पर भी चर्चा की। साथ ही मोटे अनाज से तैयार किए जाने वाले विभिन्न पकवानों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2023-24 को इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया गया है। पहले समय में लोग मोटे अनाज जिसमें ज्वार, बाजरा, रागी, आदि उगाते थे तथा उसका सेवन करते थे। लेकिन, बदलते समय के साथ-साथ लोग इससे दूर होते रहे। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर से लोगों को मोटे अनाज उगाने और उसके सेवन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान छेड़ा है। उन्होंने कहा कि गेहूं, चावल के मुकाबले मोटा अनाज उगाना और खाना ज्यादा सुविधाजनक है। मोटे अनाज में पोषण भी अधिक होता है, जिससे शरीर मजबूत होता है और बीमारियों से लड? की शक्ति मिलती है।

# जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आज 8वें दिन गांव खेड़ी मुनक और बाल राजपुतान पंहुची। दोनों जगह यात्रा का पंचायत द्वारा स्वागत किया गया। खेड़ी मुनक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क और बाल राजपुतान में जिला भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने लोगों से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये इनका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बी.पी.एल. कार्ड आदि नहीं बने है, वे संबंधित विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर उन्हें



पंजीकरण किए जा सकते हैं।
खेड़ी मुनक में बख्शीश सिंह विर्क और बाल राजपुतान में जिला भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने स्टाल्स का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से बात की। उन्होंने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। पूर्व विधायक विर्क ने बताया यात्रा 25 जनवरी 2024 तक प्रदेश के प्रत्येक गांव व शहर से गुजरेगी। यात्रा के दौरान गरीब वर्गो के लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पंहुचाई जा रही है। लाभार्थियों से मिल रहे फीडबैक के आधार पर किसी योजना के क्रियान्वयन में कोई कमी पाई गई तो उसे दूर किया जाएगा।
बाल राजपुतान में योगेंद्र राणा ने बताया कि कल से यात्रा में चार और वेन शामिल हो जायेंगी। सभी छह वेन जिला के पांचों हलकों के गांवों में जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर व्यवस्था परिर्वतन किया है। बी.पी.एल. परिवारों के लिए आय सीमा 1.20 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख सालाना की गई है। उन्होंने आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री अत्योदय परिवार उत्थान योजना आदि की जानकारी दी। बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9 लाख 50 हजार रसोई गैस कनेक्शन दिए गए है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के समय नौकरियां सिफारिश के आधार पर दी जाती थीं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पर्ची-खर्ची व्यवस्था और भाई भतीजावाद को खत्म किया है।

# केंद्र व राज्य सरकार देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्धः रामकुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री के** विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को आमजन के सहयोग व संकल्प से ही प्राप्त किया जा सकता है। विधायक रामकुमार कश्यप वीरवार को इंद्री खंड के गांव रंबा और समौरा में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के आगमन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान गांव रम्बा में विधायक रामकुमार कश्यप तथा गांव समोरा में मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह विर्क ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिए जरूरी है कि देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़े, औधोगिक प्रगति को रफ्तार मिले, किसान कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें, महिलाओं की शिक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित हो, बेरोजगारी दर न्यूनतम हो और यातायात के नए मार्ग विकसित करने के साथ साथ उन सभी पहलुओं पर काम हो जो एक विकसित देश के लिए जरूरी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन सभी बिन्दुओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। इसलिए यह वर्तमान सरकार का सपना नहीं संकल्प हैं, जो वर्ष 2047 तक अवश्य पूरा होगा। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन भी इस संकल्प को पूरा करने मे अपना सहयोग सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

# फिर सवालों के घेरे में ईवीएम

**भारत** के चुनावी इतिहास की बात करें तो ईवीएम मशीनों के प्रयोग से पहले देशभर में अलग-अलग स्तरों पर होने वाले चुनाव मतदान केंद्रों पर हमले, मतपेटियों में मत भरने जैसी घटनाओं से प्रभावित रहे हैं, और ये हमले राजनीतिक पार्टियों के लिए काम करने वाले असामाजिक तत्व किया करते थे। लेकिन नई सदी के आगमन के साथ ही चुनावों में ईवीएम मशीनों का प्रयोग शुरू होने के बाद ऐसी घटनाएं बीते दिनों की बातें हो गई हैं। हालांकि, समय-समय पर इन मशीनों की प्रामाणिकता पर सवाल उठते रहे हैं। अक्सर, चुनाव हारने वाली पार्टियां सवाल उठाती हैं कि इन मशीनों को हैक किया जा सकता है। साल 2024 के आम चुनावों में अब सिर्फ. कुछ महीने बचे हैं और इन मशीनों पर एक बार फिर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल हिन्दी बेल्ट के तीन अहम प्रदेशों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी हार का ठिकरा फोड़ो खेल शुरू हो गया। कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह की मानें तो ईवीएम की वजह से कांग्रेस हार गई। अब बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस जब हार जाती है, तब ईवीएम का रोना रोती है। आरोप लगा रही कांग्रेस का चुनाव से पहले नारा था कि मोदी को हराएंगे, बीजेपी को भगाएंगे, लेकिन जनता ने कांग्रेस को चुनावी रेस में हरा दिया। मानो अब नारा बदलकर हार नहीं मानेंगे, ईवीएम को कोसेगें हो गया है। अपने गढ़े हुए तर्कों के साथ एक बार फिर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के तमाम नेताओं ने ईवीएम से पुरानी अदावत की पुरानी किताब खोल दी है। किताब के हर पन्ने में यही लिखा है कि बेईमानी हो गई। सरल शब्दों में समझें तो तीन राज्यों की पब्लिक ने कांग्रेस के हाथ खाली छोड़ दिए। ऐसे में फेस सेविंग के लिए पुराने आरोपों को नई बोतल में डालकर प्रस्तुत कर दिया। अजब और गजब ये है जहां जीतें वहां ईवीएम की हैकिंग नहीं हुई, जहां हारे वहां ईवीएम हैक करके कांग्रेस से जीत चुरा ली गई। नतीजों से पहले कांग्रेस में अति आत्मविश्वास इतना था कि मिठाइयां कांग्रेस दफ्तरों में पहुंच चुकी थीं, ढोल नगाड़े वाले पहुंच चुके थे। यहां तक की दफ्तर-दफ्तर जीत की बधाई देने वाले पोस्टर और बैनर सज चुक थे, लेकिन कांग्रेस के अरमानों पर पानी फिर गया। मिठाई तो मिठाई, कांग्रेस के एक नेता ने ऐलान कर रखा दिया था, बीजेपी 50 सीटें जीते तो मुंह काला कर लेंगे। ईवीएम को लेकर मोदी सरकार पर विपक्ष के आरोप नए नहीं हैं। 2014 से बाद से जब-जब मोदी की अगुवाई में बीजेपी ने चुनाव जीता, तब-तब विपक्ष ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। ऐसे में ईवीएम को लेकर टीम बीजेपी और टीम कांग्रेस के बीच बीते साढ़े नौ साल से महाभारत जारी है। वैसे 2014 के बाद विपक्ष की टूलकिट को देखें, तो चुनाव दर चुनाव, जब-जब हारे तब-तब ईवीएम पर ठीकरा फोड़ा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ममता बनर्जी, राहुल गांधी के साथ अरविंद केजरीवाल ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे। बीती 3 दिसंबर को चार राज्यों के परिणाम आने के बाद कांग्रेस नेता डॉ उदित राज ने कहा कि जरूर ईवीएम में कुछ हुआ है वर्ना ऐसे नतीजे की उम्मीद नही थी। फिर इसी तरह समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का बयान आया। अखिलेश कह रहे हैं कि अगर अमेरिका और जापान में बैलट पेपर की व्यवस्था है, तो हमें भी वही अपनाना चाहिए।

# धरती के स्वर्ग की व्यवस्थाओं को संवारने निखारने की श्रृंखला मेंदो और अध्याय जुड़े



गोंदिया

> "इसमें कश्मीरी पंडित समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित करने का प्रावधान है। यह विधेयक नियुक्ति और प्रवेश में आरक्षण के लिए पात्र लोगों के एक वर्ग के नामकरण को बदलने का प्रयास करता है। दो दिनों तक चली छह घंटे से अधिक की बहस और केंद्रीय गृह मंत्री के जोशीले जवाब के बाद विधेयक पारित कर दिए गए।गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए जम्मू कश्मीर से संबंधित दो विधेयक पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय देंगे। कहा कि विस्थापित लोगों को आरक्षण देने से उन्हें विधायिका में आवाज मिलेगी।गृह मंत्री के मुताबिक, विधानसभा में नौ सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित की गई हैं"

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि दुनियां की धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले भारत के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर राज्य जहां 1987 के एक विवादित चुनाव के साथ कश्मीर में बड़े पैमाने पर सशस्त्र उग्रवाद की शुरूआत हुई, जिसमें राज्य विधानसभा के कुछ तत्वों ने एक आतंकवादी खेमे का गठन किया, जिसने इस क्षेत्र में सशस्त्र विद्रोह में एक उत्प्रेरक के रूप में भूमिका निभाई। और फिर उसके दशकों बाद जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री ने इसे ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम कहा था। चाइल्ड मैरिज एक्ट, शिक्षा का अधिकार और भूमि सुधार जैसे कानून अब यहां भी प्रभावी है। इसी तरह यहां सभी व्यवस्थाओं को सुद्धारित संशोधन करते हुए विकास व सफलताओं के अनेक अध्याय जुड़ते चले गएऔर आज दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद के मानसूनसत्र में जम्मू कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन संशोधन संबंधित दोनों विधेयकों के पारित होने से परिवर्तन की कड़ी में एक और मोती जुड़ गया है जो मिल का पत्थर साबित होगा इसलिए आज हमपीआईबी व मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेलोकसभा में परित जम्मू कश्मीर के दोनों विधेयक मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद में पारित जम्मू कश्मीर संबंधी दोनों विधेयकों की करें तो, लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर आरक्षण-संशोधन विधेयक 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन-संशोधन विधेयक 2023 पारित कर दिये हैं।जम्मू-कश्मीरआरक्षण-संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर आरक्षण विधेयक-2004 में संशोधन के बारे में है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछडे लोगों को पेशेवर संस्थानों में नौकरियों तथा प्रवेश में आरक्षण का प्रावधान है। उधर जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर पुर्नगठन विधेयक-2019 में संशोधन के बारे में है। इस विधेयक में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल 83 सीटों को निर्दिष्ट करने वाले 1950 के अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन किया गया था।प्रस्तावित विधेयक में सीटों की कुल संख्या बढाकर 90 करने का प्रावधान है। इसमें अनुसूचित जातियों के लिए 7 और अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटों का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक में यह भी कहा गया है कि उपराज्यपाल विधानसभा में कश्मीरी विस्थापितों में से दो सदस्यों को नामांकित कर सकते हैं। इनमें एक सदस्य महिला होनी चाहिए। विस्थापितों को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है जो पहली नवम्बर 1989 के बाद कश्मीर घाटी या जम्मू-कश्मीर के किसी अन्य भाग से विस्थापित हुए हों और राहत आयुक्त के साथ पंजीकृत हों। इसमें कश्मीरी पंडित समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित करने का प्रावधान है। यह विधेयक नियुक्ति और प्रवेश में आरक्षण के लिए पात्र लोगों के एक वर्ग के नामकरण को बदलने का प्रयास करता है। दो दिनों तक चली छह घंटे से अधिक की बहस और केंद्रीय गृह मंत्री के जोशीले जवाब के बाद विधेयक पारित कर दिए गए।गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए जम्मू कश्मीर से संबंधित दो विधेयक पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय देंगे। कहा कि विस्थापित लोगों को आरक्षण देने से उन्हें विधायिका में आवाज मिलेगी।गृह मंत्री के मुताबिक, विधानसभा में नौ सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित की गई हैं। पीओके लिए 24 सीटें आरक्षित की गई हैं, क्योंकि पीओके हमारा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों संशोधन को हर वो कश्मीरी याद रखेगा जो पीड़ित और पिछड़ा है। विस्थापितों को आरक्षण देने से उनकी आवाज जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में गूंजेगी। शाह ने कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवालों पर कहा कि कश्मीरी विस्थापितों के लिए 880 फ्लैट बन गए हैं और उनको सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

साथियों बात अगर हम इन विधेयकों की अन्य विशेषताओं की करें तो, उसमें कश्मीरी प्रवासी समुदाय से विधानसभा में अधिकतम दो सदस्यों को नामित करने की उपराज्यपाल की शक्ति शामिल है, जिसमें एक नामांकित महिला होगी। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को नामांकित किया जा सकता है। कश्मीरी प्रवासियों को उन व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो 1 नवंबर, 1989 के बाद कश्मीर घाटी या जम्मू-कश्मीर राज्य के किसी अन्य हिस्से से चले गए और राहत आयुक्त के साथ पंजीकृत हैं। संसद के निचले सदन में बहस के दूसरे दिन के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री ने कथित तौर पर कहा कि नया कश्मीर- जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 के माध्यम से शुरू हुआ। पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय सुनिश्चित करेगा। चर्चा के दौरान विपक्ष के कई सदस्यों ने विधेयक पारित करने का विरोध किया, जब जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की वैधता और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार है। विपक्ष ने यह भी सवाल किया कि क्षेत्र की विशेष स्थिति रद्द करने के बाद चार साल तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव क्यों नहीं हुए।

साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय गृहमंत्री के सदन में जवाब की करें तो, लोक सभा में उन्होंने कहा कि कुल 29 वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए लेकिन बिल के उद्देश्यों के साथ सभी ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में लाए गए सैकड़ों प्रगतिशील परिवर्तनों की कड़ी में ये विधेयक एक और मोती जोड़ने का काम करेंगे। आगे कहा कि 70 सालों से जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ, जो अपमानित हुए और जिनकी अनदेखी हुई, ये विधेयक उन्हें अधिकार और न्याय दिलाने वाले हैं। जो लोग इन्हें वोट बैंक के रूप में उपयोग कर, अच्छे भाषण देकर राजनीति में वोट हासिल करने का जरिया समझते हैं वे इसके नाम के बारे में नहीं समझ सकते। पिछड़ों औ गरीबों का दर्द जानते हैं। जब ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने की बात होती है, तब मदद से ज्यादा सम्मान के मायने होते हैं।कश्मीरी विस्थापितों को आरक्षण देने से कश्मीर की विधानसभा में उनकी आवाज गूंजेगी और अगर फिर विस्थापन की स्थिति आएगी तो वो उसे रोकेंगे।पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू जी की गलती का खामियाजा वर्षों तक कश्मीर और देश को उठाना पड़ा।पहली गलती थी, जब हमारी सेना जीत रही थी, तब पंजाब तक आते ही सीजफायर कर दिया गया और पाक-अधिकृत कश्मीर का जन्म हुआ, अगर सीजफायर 3 दिन देर से होता तो पाक-अधिकृत कश्मीर आज भारत का हिस्सा होता।नेहरु जी की दूसरी बड़ी गलती थी जब वे कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में ले गए।जम्मू और कश्मीर में 45 हजार लोगों की मृत्यु की ज़िम्मेदार धारा 370 थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उखाड़ कर फेंक दिया।धारा 370 के हटने सेअलगाववाद समाप्त हुआ है और आतंकवाद में बहुत कमी आई है।कश्मीर के विस्थापितों को अपने ही देश के अन्य हिस्सों में शरणार्थी बनकर रहना पड़ा, लगभग 46,631 परिवारों के 1,57,967 लोग विस्थापित हुए1947 में 31,779 परिवार पाक-अधिकृत कश्मीर से जम्मू और कश्मीर में विस्थापित हुए, 1965 और 1971 में हुए युद्धों के बाद 10,065 परिवार विस्थापित हुए। अगर किसी व्यक्ति ने कश्मीर से पलायन करने वाले लोगों के आंसू पोंछे तो वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं।




## कविता

आज मेरे दिल का क्या हाल है।

देखो आज मेरे दिल क्या हाल है,
न सुर है,न ताल का ख्याल है।
आंखों से क्या ओझल हुए तुम,
हाल जिन्दगी का बेहाल है।
सोते जागते दिखती हो तुम,
इश्क भी बड़ा जी का जंजाल है।
हर कसौटी पर क्यों परखती हो,
दिल को इसका बड़ा मलाल है।
कैलेंडर बन गई है अब तारीखें,
रूबरू होना बेसब्री का सवाल है ।
महफि ल में तेरी तारीफ की मैंने,
हसीन चेहरा बन जाता गुलाल है।
गुम हो चुका हूँ मै तुझमें, संजीव,
लम्हों लम्हों पर रंगे-गुलाल है

संजीव ठाकुर रायपुर

# भ्रष्टाचार देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा

**भ्रष्टाचार** समाज का वो नासूर है जो समृद्ध समाज के विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा बनता है। लालच या मजबूरी के कारण लोग भ्रष्टाचार का विरोध करने के बजाय उसे लगातार बढ़ावा देते हैं, जिससे अक्सर न्याय और मानवता की हार होती है। जिन्हें फायदा होता है वे अपने पद, शक्ति और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर सरकार और जनता को लूटते हैं। हमें अक्सर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है, अनेक लोग कड़ी मेहनत करते हैं और वे संघर्ष करते ही रह जाते हैं और सफलता कोई अन्य ले लेता है। बहुत बार हर क्षेत्र, हर विभाग से जुड़ा कर्मचारी जानता है कि उसके यहां पर कहां भ्रष्टाचार पनपता है या गलत काम को बढ़ावा मिलता है, लेकिन कोई खुलकर विरोध नहीं करता, सब आँखे मूंदकर देखते रहते हैं क्योकि वें मानते है कि उससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं हैं या फिर वह क्यों समस्या से उलझें। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कई सख्त कानून हैं, सरकारी तंत्र काम कर रहे हैं, कई संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता भी भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे हैं, फिर भी भ्रष्टाचार तेजी से फैल रहा है। भ्रष्टाचार से पीड़ित लोगों के जीवन की जद्दोजहद अति संघर्ष का सामना करने को मजबूर हो जाती है। भ्रष्टाचार भरोसा खत्म कर लोकतंत्र को कमजोर करता है, आर्थिक विकास को बाधित करके असमानता, गरीबी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरण संकट को अधिक बढ़ाता है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा किए गए करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत 40 अंक प्राप्त कर 180 देशों में से 85वां सबसे कम भ्रष्ट देश बना है। 89% प्रतिशत लोग मानते हैं कि सरकारी भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। पिछले 12 महीनों में 39% सार्वजनिक सेवा उपयोगकताओं ने रिश्वत दी। सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में भ्रष्टाचार अक्सर मजबूत होता है। अफसोस की बात है कि भारत उनमें से एक है जिसकी प्रति व्यक्ति आय कम है। विश्व बैंक ने 2004 में कहा था कि रिश्वतखोरी के कारण दुनिया भर में हर साल 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता था। विश्व स्तर पर, वर्तमान में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि भ्रष्टाचार की लागत प्रति वर्ष लगभग 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थात 2,16,37,200 करोड़ रुपये है। राजनेता, सरकारी अधिकारी, लोक सेवक, व्यवसायी या जनता के सदस्य कोई भी भ्रष्टाचार में शामिल हो सकता है। व्यापार, सरकार, अदालत, मीडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे और खेल तक सभी क्षेत्रों में कहीं भी भ्रष्टाचार हो सकता है। राजनेता सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर अपने परिजनों, मित्रों और परिवारों को सार्वजनिक नौकरियां या अनुबंध दे सकते हैं, मन मुताबिक काम पाने के लिए पाने के लिए निगम अधिकारियों को रिश्वत दे सकते है। भारत भ्रष्टाचार सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, 51% उत्तरदाताओं ने रिश्वत देने की बात स्वीकार की।

## विचार

# जादू -टोना चौराहों पर बोना, बौना कुंठित होना

**मैं** गुजर रहा था कि तभी डरे,बदहवास मुंगेरीलाल मिल गए। "किधर से डरे आ रहे हैं?" मैंने प्रश्न दागा। उ... ऊ.. चौराहा से। इतना घबराहट क्यों है भाई। क्या बताएं? अचानक उगाए जादू -टोना खरपतवार से अभी -अभी बचा हूँ। वो बेहद विकृत मानसिकता के लोग हैं। हर तिराहा या चौराहा पर अक्सर काला जादू किए रहते हैं। गुजरो तो जान हलक के बाहर आ जाती है। अनजाने डर से मन ससंकित हो उठता है। मैं उधर से ही गुजर रहा था। इस मामले में तो भाग्यशाली था कि मुझसे दो इंच दूर था। कम से उसे मेरे जैसा शिकार मिल रहा था। लेकिन बाल -बाल बचा। भई! उसका विकृत प्रतिबिम्ब को साफ देखा जा सकता है। भूतिया सोच में वह अपनी कथित ह्यकारनामें ह्ल को कई बार कर रहा होगा। दूसरे पर भूतिया साया डालकर अपना दुःख इतिश्री करना चाहता है।इससे पहले भी कई बार पैनी निगाह से खुद बचा हूँ। उन लोगों के द्वारा किये गए कृत्य के लिए धिक्कार चुका हूँ। चूंकि गाँव हो या शहर किसी भी व्यक्ति का एक्सरे नहीं हुआ करता है इसलिए वह इंसानी खोल में शैतानी कामों को अंजाम देता है। रात की कालिमा में काली करतूत करता है। अपने हृदय की कालिमा को छिपाता और काली शक्तियों का आह्वान करता। हर कोई मेरी तरह भाग्यशाली नहीं है। उसने जब अपने दुःख देखा तो दूसरे के सुख पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया।

मैंने उनकी बातों को सुनकर गहराई से सोचा। ऊपर वाले ने उसको धरती पर जगह देकर ठीक नहीं किया। आजकल ऐसे गंदे लोग अभिशाप है। वह भी अपने भूतिया कारनामें पर इतरा लेता होगा। समाज में अच्छे कामों को नजर लगाते लोग भी हैं, जो अक्सर नजर आते हैं। लेकिन जादू-टोना वालों के कारनामें दिखते हैं, वे स्वयं गुप्त रहते हैं। इनके धाम को जानना बड़ा कठिन है। इससे समाज व्यथित है। बलि चढ़ाने की कभी -कभी खबरों में भी खबर उड़ती है। यह उड़ती- उड़ती खबर सुनकर कलेजा काँप उठता है। इंसानों के पास कोई ऐसी दवा नहीं है, जो इन बीमार लोगों का इलाज कर सके।इसीलिए बाबा बंगाली की दुकान चलती है। अंधविश्वास के अंधड़ में मासूमियत उड़ा कर हैवानियत दिखाई देता है। आज भी इक्कीसवीं सदी में भी ह्येन -केन- प्रकारेणह्ल भूतिया रास्ता मिल जाता है। वे अपने शैतानों का आह्वान कर दूसरे को दुःखी बनाकर विकृत सुख प्राप्त कर अतृप्त ही रहता है। चूड़ी-कंगन, सिंदूर, टॉफी, फल रास्तों में बिछा रहता है। चूंकि वह मानसिक रोगी है। चुड़ैल से इंसान नही बन सकता। लेकिन इंसान से चुड़ैल बना जा सकता है। इसलिए जमाना खराब है। काला -जादू रियल से अति दूर होते हैं। अंधविश्वास में व्यक्ति काली शक्तियों में विश्वास करता है। शक्तियों के अस्तित्व में विश्वास रखता है, जो कि प्रकृति के नियमों की पुष्टि नहीं करता है और न ही ब्रह्मांड की वैज्ञानिक समझ रखता है। यह डर समाज में व्यापक रूप से फैला हुआ है। जादू-टोना के प्रभाव में तर्कहीन विश्वास होता है। बीमारियों के बारे में लोगों में यह अंधविश्वास हो जाता है कि किसी ने कुछ किया है। शुभ व अशुभ का चक्कर बड़ा पापड़ बेलवाता है।

मानवीय तंत्रिका नष्ट तो तांत्रिक क्रिया-क्लापों में भ्रष्ट है।दूसरे का सुख देखा नहीं जाता तो अपना कष्ट बाटे कैसे। मुंगेरीलाल के हसीन सपने फुर्र। क्योंकि बुरी काली शक्तियों का भय सताए तो दिल घबड़ाए। ऐसी जगह डर सबको लगता है.. गला सबका सूखता है। भई! बचपन से ही काला गंडा ताबीज लोग पहन रहे हैं। ये लातों के भूत बातों से कहाँ मानते हैं? समाज से बहिष्कार भी नहीं हो पता क्योंकि पहचान ही नहीं है। विकृत सोच की मोच के दर्द से समाज लड़खड़ाता है। धरती स्वर्ग बनते -बनते रह जाती है। दिन -प्रतिदिन बुराई का ग्राफ बढ़ रहा है। अच्छाई की सीमा सिकुड़ रही है। मुझे चिंता है कि कहीं वेंटीलेटर पर न आश्रित रह जाए। मानवीय गुण विलुप्त, संकटग्रस्त प्रजाति न बन जाए। दानवी अवगुण फाइवजी स्पीड -सी लोगों के खुराफाती दिमाग में बैठ रही है। इसी कारण ताबीज और गंडा अब धंधा बन गए हैं। सब बस अभिमंत्रित के नाम पर बिक रहे हैं। शोर -शराबा का.. करें बाबा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विदेश में पढ़ाई के दौरान रोजगार क्षमता में सुधार कैसे करें भारत के

**विजय गर्ग**

**आज** की तेजी से बढ़ती वैश्वीकृत दुनिया में, कंपनियां विविधता, समानता और समावेशन पर ध्यान केंद्रित करती हैं। मैकिन्से की रिपोर्ट के अनुसार, अधिक विविध कंपनियां लाभप्रदता में अपने कम विविध प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने की संभावना रखती हैं। यह उन स्नातकों की बढ़ती मांग को उजागर करता है जो एक गतिशील कॉर्पोरेट पारिस्थितिकी तंत्र में सहजता से अनुकूलन और विकास कर सकते हैं। विदेश में पढ़ाई करना 21वीं सदी के कई नौकरी कौशलों को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। अंतर्वैयक्तिक और पारस्परिक कौशल को बढ़ावा देने से लेकर आलोचनात्मक सोच और अनुकूलनशीलता विकसित करने तक, छात्र वैश्विक करियर बनाने के लिए सुसज्जित महसूस करते हैं। इस अवलोकन को इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) के रोजगार में बढ़त हासिल करनाः 21वीं सदी के कौशल और कैरियर की संभावनाओं पर विदेश में अध्ययन का प्रभाव नामक अध्ययन द्वारा भी समर्थन प्राप्त है। एक अंतरराष्ट्रीय छात्र के रूप में, अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान अपनी रोजगार क्षमता में सुधार लाने की दिशा में काम करना महत्वपूर्ण है। क्यूएस ग्लोबल इंटरनेशनल स्टूडेंट सर्वे 2022 के अनुसार, भारतीय छात्रों (62%) को स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद विदेश में नौकरी पाने की चिंता रहती है। इस चुनौती से निपटने के लिए, करियर को बेहतर बनाने वाली कुछ सर्वोत्तम रणनीतियों को सीखना महत्वपूर्ण है। विदेश में अध्ययन करते समय रोजगार क्षमता बढ़ाएँ कैसे भारतीय बैंकों ने वढक नामक अवसर और उसका नियंत्रण ढँ्ल्लीढी और ऋ्ञ्ॅ्ी ढं८ को दे दिया कैसे भारतीय बैंकों ने वढक नामक एक अवसर और उसका नियंत्रण ढँ्ल्लीढी और ऋ्ञ्ॅ्ी ढं८ को दे दिया बिरयानी का व्यवसायः कैसे बिरयानी बाय किलो जीत रहा है भारतीय स्वाद स्थिरता और स्वचालन के साथ वरुण बेवरेजेज ने एचयूएल को पीछे छोड़ दिया, एक साल में 100% रिटर्न दिया। क्या यह आगे की गति को बरकरार रख सकता है?

# निरंतर श्रम,संयम के बिना जीवन व्यर्थ। कष्ट-साध्य संघर्ष और मनोबल के सारथी बने।

**सफलता** रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाऐ भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता हैअसफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता हैं, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइक व स्कूटी चोरी, मुकदमें दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
शहर में वाहन चोर गिरोह सक्रिय है। चोर अलग-अलग स्थानों से दो बाइक व एक स्कूटी चोरी कर ले गए। पीड़ितों के बयान पर पुलिस ने चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस टीम मामलों की जांच कर रही है। गांव खांडा निवासी सचिन ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि वह बाइक लेकर मंगलवार को नागरिक अस्पताल में आए थे। उन्होंने अपनी बाइक को पार्किंग में खड़ा कर दिया था। बाद में वह पार्किंग में पहुंचे तो बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने पर जानकारी नहीं मिलने के बाद पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं गांव मुरथल निवासी जयपाल ने सेक्टर-27 पुलिस को बताया कि वह किसान है। वह 30 नवंबर को अपनी बाइक लेकर सोनीपत आए थे। उन्होंने बाइक को नागरिक अस्पताल में खड़ा कर दिया। जल्दबाजी में उन्हें काम के सिलसिले में जयपुर जाना पड़ा। वह मंगलवार को वापस आए तो बाइक नहीं मिली। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर, लाजपत नगर दिल्ली कैंप निवासी निवासी गगन ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी सोमवार रात को पानीपत बैंक वाली गली में खड़ी की थी। मंगलवार को उन्हें स्कूटी नहीं मिली।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**क्राईम यूनिट** प्रथम सोनीपत टीम ने गश्त के दौरान अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गुलशाद उर्फ शादा निवासी देवडू का है। जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गोहाना बाइपास रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ सेक्टर-27 थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को गांव जुआं निवासी अपने दोस्त गांधी से लिया था। जिसकी सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बार चुनावः एसोसिएशन चुनाव को लेकर उम्मीदवार समर्थन लेने में जुटे

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** सोनीपत बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है। उम्मीदवार अधिवक्ताओं की एक-एक सीट व उनके चेंबरों में जाकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में जुट हुए है। चुनाव को लेकर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। आगामी 15 दिंसबर को बार एसोसिएशन के हॉल में वोटिंग होगी। उसी दौरान रिजल्ट भी आ जायेगा। चुनाव में किसको जीत मिलेगी। उसके लिए 15 दिसंबर तक उम्मीदवारों को इंतजार करना होगा।
बता दें कि सोनीपत बार एसोसिएशन का पहला चुनाव 1975 में हुआ था। उस समय राजसिंह प्रधान व सचिव हरिचंद बने थे। राजसिंह 1977 तक प्रधान रहे। इसके बाद वह फिर से प्रधान बने और 1978 तक प्रधान रहे। इसके बाद चंद्रभान छिक्कारा लगातार दो बार प्रधान रहे। 1980 में आरके सपरा प्रधान बने। इसके बाद रिजक राम प्रधान बने। इसके बाद नवल सिंह लगातार तीन बार प्रधान बने। वहीं अनुप दहिया को भी दो बार एसोसिएशन में प्रधान के चुना गया था। वहीं संदीप शर्मा उर्फ स्वीटी लगातार वर्ष 2020-21 व 2021-22 में बार के प्रधान रह चुके है। वहीं कृष्ण मलिक भी दो बार एसोसिएशन के प्रधान रह चुके है।
**चुनाव की बिस्सात बिछी, हर कोई समर्थन अपने पक्ष में लेने में जुटा:** मौजूद चुनाव को लेकर प्रधान पद के लिए अधिवक्ता अनिल ढुल, संदीप मलिक, कमल हुड्डा व जयभगवान शर्मा मैदान में है। जबकि उप प्रधान के लिए आशीष गर्ग ,जोगेंद्र मलिक व युविका मैदान में है। सचिव पद के लिए अंकित त्यागी, संदीप खर्ब, कुसुम दहिया के बीच मुकाबला होगा। कुसुम दहिया दो बार इसी पद पर चुनाव में अपना भाग्य आजमा चुकी है। वह तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरी है। वहीं अंकित त्यागी भी दूसरी बार चुनाव लड़ रहे है। संदीप खरब पहले सह सचिव के पद पर वर्ष 2018 खड़े हुए थे। जोकि निर्विरोध सहसचिव पद पर चुने गए थे। मौजूदा समय में सचिव पद के लिए पहली बार चुनाव लड़ रहे है। वहीं सह सचिव पद के लिए अधिवक्ता निर्मला का ही नॉमिनेशन रह गया है। कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता ध्रुव, गौरव कुमार व प्रवीण कुमार के बीच मुकाबला होगा।

### दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव ककरोई में दुकान के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करने व मारपीट करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव ककरोई निवासी प्रवीन ने बताया कि उसकी सरकारी स्कूल के पास परचून की दुकान है, इसके साथ में उसका भाई मंजीत भी अंडे की दुकान चलाता है। शाम लगभग आठ बजे आरोपित उसकी दुकान पर सामान लेने आया था, वह सामान ले जाने के बाद करीब 5 मिनट बाद वापिस आया। आरोपित कहने लगा उसका फोन यहीं पर रह गया है। उसने उसे कहा कि यहां दुकान में देख लो, उसने अपने फोन का नंबर मिला कर देखा। लेकिन फोन नहीं मिला। इसके बाद आरोपित दुकान के अंदर घुसकर सामान को इधर-उधर फेंकने लगा। उसने आरोपित को कहा कि सामान को इस तरह मत फेंको, आपका फोन दुकान में नहीं है। इसके बाद आरोपित उसे गाली देने लगा। आरोपित ने किसी दूसरे का फोन लेकर 8-10 लड़के मौके पर बुला लिए। सभी दुकान के अंदर घुस आए। दुकान का सामान तोड़ दिया और फेंक दिया। यह देखकर उसका भाई मंजीत उसे छुड़वाने के लिए अंदर आया। आरोपितों ने दुकान में तोड़फोड़ की।

# कार्यकर्ताओं को कसनी होगी कमरः उपमुख्यमंत्री

## खरखौदा विधानसभा के चार गाँव ककरोई, झरोठ, हरसाना, रामपुर का किया दौरा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**गांवों का** दौरा करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही अपनी पार्टी के कार्यकताओं में भी जोश भरने का काम किया। इस दौरान जब वो खरखौदा के गाँव झरोठ के सरकारी स्कूल के कार्यक्रम में पहुँचे तो उन्होंने कहा कि अब विधानसभा चुनावों में बस दस महीने का ही समय रह गया है। ऐसे में अब पार्टी के पदाधिकारियों को नहीं बल्कि कार्यकताओं का कमर कसनी होगी। उन्होंने कहा कि बीते तीन बार से उनके मजबूत प्रत्याशियों को किनारे लगाकर छोड़ दिया जाता है। जबकि कभी रोहट हलका चौधरी देवीलाल का हुआ करता था। उन्होंने इस दौरान कहा कि पार्टी कार्यकताओं को मैदान में उतरना होगा। सिर को ठंडा करके और मुहं का मीठा बनकर अब कार्यकताओं को अपने पांवों की रफ्तार को बढ़ाना होगा और पार्टी का प्रचार करना होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पचास प्रतिशत



महिलाओं की वोट है, अगर महिलाएं प्रचार में जुट जाएं तो वह चुल्हे तक जाकर पार्टी संगठन को मजबूत कर सकती है। उन्होंने कहा कि खरखौदा में मारुति का प्लांट यहां के विकास के नए आयाम लिखने जा रहा है, इसके साथ ही उनकी सरकार ने प्रदेश के हर हिस्से को विकास से जोड़ने काम किया है, लेकिन हुड्?डा सरकार में सिर्फ विकास की बाते हुआ करती थी और विकास अकेले रोहतक का होता था। उन्होंने कहा कि किसान को अब मंडी में रात नहीं गुजारनी पडती, उसकी फसल बिकती भी है और उकसा पैसा दो दिन के भीतर उसके खाते में आता भी है। जबकि हुड्?डा राज में किसान को खराबे के मुआवजे के रूप में दो और पांच रुपये मिला करते थे। उन्होंने कहा कि पहले किसान के जमीन लेकर उसके पल्ले कुछ नहीं छोडा जाता था, लेकिन हमारी सरकार ने किसान की जमीन के अधिग्रहण करना ही बंद कर दिया है, हम तो किसान को उसकी जमीन के साथ लैंड पुलिंग योजना के तहत योजनाओं में साझेदार बनाने काम कर रहे हैं, जिसमें उसकी जमीन के भाव बढ़ाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सरकार द्वारा प्रदेश के हर हिस्से में विकास करवाया जा रहा है,
जो भी बड़े प्रोजेक्ट आए हैं उन्हें समान रूप से प्रदेश के हर हिस्से में बांटने काम हमारे द्वारा किया गया है। वहीं अब प्रदेश के कार्यकताओं को पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जुटना होगा, ताकि प्रदेश में जजपा की सरकार बने और जनकल्याण के और भी कार्य हो सकें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया, हलका अध्यक्ष देवेंद्र दहिया, रोहताश दहिया, एसडीएम डॉ अनमोल, एसीपी जीत बेनीवाल, बीडीपीओ दीपिका शर्मा, बीईओ सुजाता खत्री, एसडीओ अनिल चहल, थाना प्रभारी सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## चोरी की वारदात में शामिल आरोपित महिला गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** थाना पुलिस ने दुकान से लाखों रुपये कीमत का कपड़ा चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मीना निवासी जगदीश कॉलोनी हांसी की है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। पुलिस माले की गंभीरता से जांच कर रही है। मयूर विहार निवासी सुनील कुमार ने गत 20 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी दुकान पर उसका बड़ा बेटा अरमान व उसका दोस्त अमन बैठा हुआ था। उसी दौरान पांच महिलाओं ने उन्हें झांसे में लेकर तीन बार में एक लाख 25 हजार रुपये के करीब कपड़ा चोरी कर लिया। उसके बाद कार में बैठकर फरार हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक बलवान की टीम ने वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## अस्पताल व राजकीय कॉलेज के नए भवन निर्माण की कवायद शुरू

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**अधिकारियों** के साथ जमीन का जायजा लेते एसडीएम डा. निर्मल नागर साथ में तहसीलदार मनोज कुमार व पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन पंकज गौड। गन्नौर। गन्नौर में राजकीय कालेज व उपमंडल अस्पताल के नए भवनों के निर्माण के लिए कवायद शुरू हो गई है। अधिकारियों ने दोनों भवनों के निर्माण के लिए तलाशी गई जमीन का जायजा लेना शुरू कर दिया है। उपायुक्त मनोज कुमार के निर्देश पर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने तहसीलदार मनोज कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन पंकज गौड़, नपा सचिव पवित्र गुलिया व पालिका अभियंता राहुल मोर के साथ नगरपालिका की



बादशाही रोड टेलिफोन एक्सचेंज के निकट स्थित जमीन का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने जमीन पर दोनों भवनों के निर्माण की संभावनाओं को तलाशा तो उन्होंने बादशाही रोड पर नगरपालिका की जमीन को दोनों भवनों के लिए पर्याप्त पाया। नगरपालिका की बादशाही रोड पर करीब 15 एकड़ जमीन है। जबकि अस्पताल में कालेज के भवनों के निर्माण के लिए 13 एकड़ की आवश्यकता है। ऐसे में अधिकारियों ने जमीन का जायजा लेते हुए दोनों भवनों के निर्माण के लिए इस जगह को अधिकारियों ने उपयुक्त मान कर आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने अब दोनो भवनों के निर्माण के लिए ले आउट प्लान बनाना शुरू कर दिया है। ले आउट प्लान बनने के बाद इसे उपायुक्त को सौंपा जाएगा, जिसके बाद भवनों के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।
**निर्माण से पहले की प्रक्रिया जल्द होगी पूरीः** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि राजकीय कालेज व उपमंडल अस्पताल के नए भवनों के निर्माण के लिए अभी नगरपालिका की जमीन का चयन किया गया है। जिसका ले आउट प्लान पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है। ले आउट प्लान को उपायुक्त के माध्यम से उच्च अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। निर्माण से पहले की प्रक्रिया को जल्द पूरा करवाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## महासंघ की राज्यस्तरीय ललकार रैली को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत के** बस स्टैंड पर स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में हरियाणा कर्मचारी महासंघ की जिले की बैठक जिला प्रधान हरपाल सिहं भनवाला की अध्यक्षता में हुई। मंच का विधिवत संचालन जिला सचिव रामलाल ने किया। बैठक का उद्देश्य करनाल में प्रस्तावित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की राज्यस्तरीय ललकार रैली को कामयाब व कारगर बनाने की रणनीति पर विभिन्न ब्लाकों के प्रधान, सचिव, वित सचिव व पूरी जिला कार्यकारिणी से विचार विमर्श किया गया। वहीं रैली में अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को पहुंचने की अपील की गई। बैठक के दौरान विभाग मांग जैसे मुख्य मांगें पुरानी पैंशन बहाली,
एक्सग्रेसिया पूरे रूप से लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, मैडीकल कैश- लैस तुरन्त प्रभाव से लागू करने आदि मुद्दों पर विचार किया गया। बैठक में जिला प्रधान हरपाल भनवाला ने सभी कर्मचारियों को रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर सोनीपत डिपो के प्रधान मंजीत पहल, राज्य कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलबाग मलिक, जिला चैयरमेन संजीव स्वामी, संदीप लठवाल जिला आडिटर, जिला प्रैस सचिव नरेश शर्मा, बिजली बोर्ड से सर्कल सचिव हरीश राणा, कथूरा ब्लाक प्रधान प्रवीण मलिक, सब अर्बन यूनिट सोनीपत प्रधान सतीश चहल, सचिव राजकुमार शर्मा, जन स्वास्थ्य विभाग यूनियन से दिलबाग, आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव सुनील कुमार, गोहाना से सचिव गीतेश रोहिल्ला, नरेन्द्र शर्मा, सतीश दहिया, आदि मौजूद रहे।

### मादक पदार्थ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मोहाना थाना** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहताश निवासी पिनाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी जसमेर ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव पिनाना-दोदवा सड़क मार्ग पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास मादक पदार्थ मिला।

### बुजुर्ग से सोने की अंगूठी व 15 हजार रुपये लेकर हुआ फरार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के कच्चे क्वार्टर डिस्पेंसरी के पास दिन दहाड़े बुजुर्ग की सोने की अंगूठी व 15 हजार रुपए लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि आरोपित ने उसे दमे का झाड़ा लगाने की बात कही, ओर फिर सम्मोहित करके पैसे व सोने की अंगूठी निकाल ली। बुजुर्ग ने मामले की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, एक आरोपित कैमरे में दिखा, लेकिन आरोपित ने मुंह ढक रखा है। पुलिस ने आरोपित की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए है। गांव नांदनौर विासी जूमन ने बताया कि वह बुधवार की सुबह कच्चे क्वार्टर स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी पर आया था। यहां आने के बाद वह गेट पर मौजूद था, तभी एक शख्स उसके पास आया। आरोपी ने उससे पूछा कि आपको कौन सी बीमारी है। उसने आरोपी के पूछने पर बताया कि वह दमे से पीड़ित है। उसे सांस लेने में बेहद तकलीफ है। इसके बाद आरोपित ने उसे कहा कि वह दमे का झाड़ा लगाता है, झाड़ा लगाते ही तुरंत आराम हो जाएगा। वह आरोपित की बातों में आ गया। उसने आरोपित को झाड़ा लगाने को कहा, इसके बाद आरोपित ने उसे सम्मोहित कर दिया। आरोपित ने उसकी जेब से 15 हजार रुपए व सोने की अंगूठी निकाल ली। उसके बाद  फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि 15 हजार रुपए उसने वॉशिंग मशीन खरीदने के लिए रखे थे, मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी में दिखाई दिए संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

### प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं से छात्रों को एड्स के प्रति जागरूक किया

**गन्नौर।** परियोजना निदेशक हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकूला के आदेश पर एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी में जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत रंगोली, पेंटिंग, फेस पेंटिंग आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया तथा प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को रेड रिबन क्लब सोनीपत द्वारा शील्ड व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार व आइसी कमेटी इंचार्ज प्रदीप मालिक द्वारा छात्र-छात्राओं को लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

## जनसंवाद कार्यक्रम से योजनाओं का लाभ उठाकर लाभान्वित हो रहे लाभार्थी

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत गांव बुलंदपुर व समसपुर गामड़ा में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी ने किया। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न भारत की नींव को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न वरदान साबित हो



रही है। विधायक ने ग्रामीणों को देश को 2047 तक विकसित बनाने के संकल्प की शपथ दिलवाते हुए कहा कि देश तभी विकसित होगा जब समाज का हर नागरिक किसी ना किसी क्षेत्र के जरिए अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति संकल्प लेकर जाए कि वे अपने देश को विकसित बनाने के सपने को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक निर्मल चौधरी ने आयुष्मान चिरायु योजना के लाभार्थियों को चिरायु कार्ड वितरित किए। इस मौके पर गन्नौर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, भाजपा वरिष्ट नेता आजाद सिंह नेहरा, बीडीपीओ पूनम चंदा, पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़, भोपाल रापरिया, दीपक रापरिया, महक फौगाट, सुबोध सहित अनेक विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मचारियों से अभद्रता आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर मुरथल से आगे कुराड़ बाईपास के सामने बीच सडक गाड़ी रोककर हुडदंग कर रहे पांच युवकों को पुलिस ने रोका तो एक युवक ने थाना प्रभारी का गिरेबान पकड़ लिया। साथ ही खुद को डिफेंस कर्मी बताकर युवक ने थाना प्रभारी की नेम प्लेट भी तोड़ दी। उसके साथियों ने अन्य पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने की कोशिश की। इसी बीच डायल-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पांचों युवकों को पकड़ लिया गया। उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पांचों आरोपित उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
मुरथल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम आधी रात को हाईवे पर गश्त कर रही थी। जब वह हंस ढाबा कुराड़ बाईपास की तरफ जा रहे थे तो कुराड़ बाईपास के सामने हाईवे पर एक गाड़ी खड़ी दिखाई दी। वहां पांच युवक खड़े होकर हंगामा कर रहे थे। वह आपस में झगड़ा कर रहे थे। जिससे हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। जिस पर थाना प्रभारी ने युवकों को समझाने की कोशिश की। उनको अलग-अलग करने लगे तो एक युवक धमकी देने लगा। युवक ने कहा कि वह विशांत है और डिफेंस में नौकरी करता है।
उसे रोकने वाले तुम कौन हो। आरोप है कि विशांत ने इसी दौरान थाना प्रभारी का गिरेबान पकड़ लिया और वर्दी पर लगी नेम प्लेट तोड़ दी। इतना ही नहीं उसके चार साथी पुलिसकर्मियों पर हमला करने की कोशिश करने लगे। इसी बीच पुलिस की डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने पांचों युवकों को पकड़ लिया।

## विधायक बड़ौली ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

**राई। टीम एक्शन इंडिया**
**पात्र लोगों** को उनके घर द्वार पर ही केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को राई ब्लॉक के गांव बहालगढ़ व असावरपुर में पहुंची, जहां राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस अवसर पर जाखौली मंडल महामंत्री नरेन्द्र सिंह, भाजपा युवा नेता एवं जठेड़ी, अरुण चौहान



मंडल अध्यक्ष, अशोक कौशिक खेवड़ा, भैरा गांव के सरपंच जयराम बीडीओ सुरेंद्र सहित अनेक विभागों के अधिकारी व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।
**विधायक ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन**
विधायक मोहनलाल बड़ौली ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए।
**हमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की दिलाई गई शपथ**
ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के दौरान विधायक मोहनलाल बड़ौली ने उपस्थित लाभार्थियों को ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की शपथ भी। दिलाई।

# 'दिल्ली पहुंचा चीन वाला निमोनिया वायरस'

## मीडिया रिपोर्ट्स पर एम्स ने दिया जवाब, बताया क्या है सच...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कई मीडिया रिपोर्ट्स में चीन में हाहाकार मचाने वाले निमोनिया बैक्टीरिया के केस दिल्ली में पाए जाने के दावे किए जा रहे थे, जिसे दिल्ली एम्स ने नकार दिया है। दिल्ली एम्स ने स्टेटमेंट जारी करते हुए यह स्पष्ट किया है कि एम्स में भर्ती निमोनिया के किसी मरीज का चीन में मिले निमोनिया के वायरस से कोई संबंध नहीं है।

**भ्रामक और गलत है मीडिया रिपोर्ट:** एम्स ने मीडिया में चल रही रिपोर्ट पर बयान जारी करते हुए कहा है कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो दिल्ली एम्स में आए निमोनिया के मामलों का चीन के बैक्टीरिया से कनेक्शन बता रहे हैं वह भ्रामक और गलत है।






माइकोप्लाज्मा भारत में पाया जाने वाला निमोनिया का सबसे कॉमन बैक्टीरिया है और इसका चीन में हाल में सामने आए मामलों से संबंध नहीं है।

**अप्रैल से सितंबर के बीच आए सात मामले:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में माइकोप्लाज्मा निमोनिया के सात मामले सामने आए हैं। यह मामले इस साल अप्रैल से सितंबर माह के बीच सामने आए। हालांकि रिपोर्ट्स में इनके बारे में जो दावा किया है कि यह चीन वाले बैक्टीरिया से संबंधित हैं, यह तथ्य पूरी तरह से गलत है।

**क्या हैं माइकोप्लाज्मा निमोनिया के लक्षण**
बता दें कि एम्स दिल्ली माइकोप्लाज्मा निमोनिया के प्रसार की निगरानी करने वाले वैश्विक संघ का भी हिस्सा है। माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण के लक्षणों में लंबे समय तक गला खराब होना, थकान, बुखार, खांसी हैं। यह संक्रमण चीन में तेजी से फैल रहा है।



दिल्ली के सिविक सेंटर में आप द्वारा संचालित एमसीडी के खिलाफ धरने पर बैठे भाजपा के नगर निगम पार्षद नारेबाजी करते हुए।

# मेट्रो में चले लात-घूंसे, दो यात्रियों के बीच जमकर हुई मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली मेट्रो को न सिर्फ राजधानी में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है, बल्कि यह यात्रियों के मनोरंजन के साथ-साथ गुस्सा उतारने का एक जरिया भी बन गया है। हाल ही इसमें कपल द्वारा आपत्तिजनक गतिविधियों के कारण इसकी चर्चा हुई, तो वहीं यात्रियों के बीच झगड़े को लेकर भी यह इन दिनों सुर्खियों में है। घर के क्लेश नामक यूजर ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें दो यात्रियों को एक दूसरे से मारपीट करने, थप्पड़ मारने और पंच लगाते देखा जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट देखा जा रहा है कि दो शख्स आपस में एक-दूसरे को मुक्का मार रहे हैं। इसके बाद वे एक-दूसरे को थप्पड़ भी मार रहे हैं। कुछ देर तक उलझने के बाद अन्य यात्री बीचबचाव करते देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सीट की खातिर ये झड़प हुई है।


**यूजर्स मेट्रो प्रशासन पर उठा रहे सवाल:** इस वीडियो को सोशल मीडिया पर साढ़े तीन लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो दिल्ली मेट्रो का बताया जा रहा है। वहीं वीडियो पर यूजर कई तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। कोई इसे असभ्य नागरिक की पहचान बता रहे हैं तो कई मेट्रो प्रशासन पर ही सवाल उठा रहे हैं। अधिकतर यूजर्स ने सवाल किया कि अन्य यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो की तरफ से आखिर क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

# दिल्ली चिड़ियाघर ने बनाया नया कीर्तिमान, शुल्क में बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली चिड़ियाघर ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में एक करोड़ से अधिक लोगों ने यहां का दौरा किया है। चिड़ियाघर को 2020-21 से कोविड के कारण पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। चिड़ियाघर द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में कहा गया है कि 2022-2023 में 20.46 लाख लोगों ने चिड़ियाघर का दौरा किया। इस दौरान 15.34 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# सज्जन कुमार से जुड़े मामले में दो गवाहों ने दर्ज कराए बयान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 सिख विरोधी दंगों के जनकपुरी से जुड़े मामले में सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले में गुरुवार को दो गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 11 जनवरी को करने का आदेश दिया। आज जिन गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए उनमें तिलक राज नरुला और इंद्रजीत सिंह शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील मनीष रावत और गौरव सिंह ने अभियोजन पक्ष के अगले गवाह के रूप में हरजीत



कौर और जसवंत सिंह के बयान दर्ज कराने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने इन दोनों गवाहों को 11 जनवरी 2024 को पेश होने का निर्देश दिया। नौ नवंबर को गवाह मंजीत कौर ने अपने बयान दर्ज कराए। अपने बयान में मंजीत कौर ने कहा कि मैंने भीड़ के लोगों से सुना था कि सज्जन कुमार भीड़ में शामिल थे, लेकिन सज्जन कुमार को आंखों से नहीं देखा था। कोर्ट ने 12 अक्टूबर को दो गवाहों के बयान दर्ज किए थे। 21 सितंबर को कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के आरोपी से जुड़े गैरजरूरी दस्तावेजों और गवाहों के बयान को रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया था। 23 अगस्त को कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय कर दिया था। कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 153अ, 295, 149, 307, 308, 323, 325, 395, 436 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। हालांकि कोर्ट ने एसआईटी द्वारा सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 को हटाने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि सज्जन कुमार इस केस में हिरासत में नहीं हैं, सज्जन कुमार इस मामले में जमानत पर हैं। मामला जनकपुरी का है। वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान जनकपुरी में दो सिखों सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की एक नवंबर, 1984 की हत्या हुई थी जबकि विकासपुरी पुलिस स्टेशन के इलाके में गुरुचरण सिंह को जला दिया गया, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई थी। इन दोनों मामलों में 2015 में एसआईटी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# 'असोला भट्टी के अंदर नहीं हो सकती कोई मानवीय गतिविधि'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने वन विभाग को इस माह के अंत में दक्षिणी रिज में असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य के अंदर वॉक विद वाइल्डलाइफ कार्यक्रम आयोजित करने से रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश जारी किया। इसके पहले पीठ ने अभयारण्य के अंदर लोगों की सुरक्षा के संबंध में भी चिंता व्यक्त की थी। पीठ ने वन विभाग से पूछा था कि वह वन्यजीव अभयारण्य के अंदर




कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को इस तरह के जोखिम में कैसे डाल सकता है? रिज के संरक्षण और वहां से अतिक्रमण हटाने से संबंधित मामले में नियुक्त एमिकस क्यूरी ने पिछले सप्ताह अदालत के समक्ष आयोजन से संबंधित मुद्दों को उठाया था।
पीठ ने मंगलवार को इस मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, उन्होंने कहा प्रतिवादियों को अगले आदेश तक प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित करने से रोका जाता है। एमिकस क्यूरी अधिवक्ता गौतम नारायण और अधिवक्ता आदित्य एन प्रसाद ने तर्क दिया था कि असोला भट्टी के अंदर कोई मानवीय गतिविधि नहीं हो सकती है, ये वन्यजीवों वाला एक संरक्षित क्षेत्र है।

# सिसोदिया की पुनर्विचार याचिका पर कोर्ट 11 दिसंबर को करेगा विचार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में आरोपित पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत नहीं देने के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 11 दिसंबर को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि इस याचिका को सुना जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर को अपने फैसले में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि अगर 6 से 8 महीने में मुकदमा खत्म न हो तो सिसोदिया दोबारा जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। 25 अप्रैल को सीबीआई ने इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने इस मामले में सिसोदिया को भी आरोपित बनाया था।

# दिल्ली में नहीं थम रहा चाकूबाजी का दौर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर में लूटपाट का विरोध करने पर युवक की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। यह घटना बीते सोमवार रात की है। जानकारी के अनुसार मृतक तोमर कॉलोनी का रहने वाला था। वह मुखर्जी नगर में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि घटना वाली रात ड्यूटी खत्म करने के बाद वह घर लौट रहा था तभी धीरपुर आईटीआई के पास कुछ बदमाशों ने रोककर उससे लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर एक ने उसे चाकू मार दिया था। राहगीरों की सूचना पर उसे उपचार के लिए सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया गया था, जहां उपचार के दौरान बुधवार रात उसकी मौत हो गई।

# माता-पिता और अपहरणकर्ता के बीच हुई सुलह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में आरोपित के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की याचिका खारिज करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अपहरणकर्ता और बच्चे के माता-पिता के बीच हुए समझौते के आधार पर प्राथमिकी को रद्द नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि बच्चों के अपहरण या तस्करी से जुड़े मामले गंभीर अपराध हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अपहरणकताओं और बच्चे के माता-पिता के बीच हुआ समझौता चिंताजनक था। पीठ ने कहा कि बच्चों के अपहरण और तस्करी एक गंभीर अपराध हैं, जिनका बड़े पैमाने पर समाज के साथ-साथ



बच्चों की भलाई और विकास पर भी प्रभाव पड़ता है।
पीठ ने कहा कि यदि ऐसे मामलों में उदार दृष्टिकोण अपनाया जाता है और ऐसे समझौतों के आधार पर प्राथमिकी को रद्द कर दिया जाता है, तो यह आपराधिक कानून के सिद्धांतों को पराजित करने और इस प्रक्रिया में कानून के शासन को कमजोर करने जैसा होगा। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से समाज में यह संदेश जाएगा कि बच्चों के खिलाफ अपराधों की गंभीरता को निजी समझौतों के जरिये कम किया जा सकता है या नजरअंदाज किया जा सकता है। पीठ ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि बच्चों के माता-पिता चाहते थे कि वह अपहरणकताओं के साथ रहे। पीठ ने कहा कि न्यायाधीशों को ऐसी दुविधाओं का सामना करना पड़ता है, फिर भी उन्हें कानून के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा रहना पड़ता है। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि बच्ची अपहताओं से जुड़ गई है। वर्ष 2020 में मामले में तीन आरोपित रूबीना, निशा और कपिल कुमार को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से नाबालिग को बरामद किया गया था। नाबालिग बच्ची और उसके छोटे भाई का वर्ष 2020 में अपहरण कर लिया गया था।

# लूटपाट के बाद बदमाशों ने शख्स को तीन बार घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। बुराड़ी के तारा चौक पर सोमवार रात पांच बदमाशों ने ऑफिस से घर लौट रहे सौरभ सेंगर नाम के युवक को जब लूटपाट के लिए रोका तब उसने डर से अपना ऑफिस बैग, पर्स, मोबाइल और बाइक उन्हें सौंप दी थी। फिर भी बदमाशों ने युवक के पेट और हाथ पर चाकू से तीन वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। उपचार के लिए युवक को सुश्रुत ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया गया था। गुरुवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। बुराड़ी थाना पुलिस ने हत्या, लूटपाट, आर्म्स एक्ट आदि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 25 वर्षीय सौरभ सेंगर मूलरूप से उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का रहने वाला था। दिल्ली में वह बुराड़ी थानाक्षेत्र के तोमर कॉलोनी में अपने पिता राजीव सेंगर, मां, बड़े भाई विक्की और छोटी बहन के साथ रहता था। पिता योगा शिक्षक




हैं। वह घर के पास स्थित एक पार्क में लोगों को योगा सिखाते हैं। विक्की नोएडा स्थित एक आइटी कंपनी में नौकरी करते हैं। सौरभ, मुखर्जी नगर स्थित एक कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता था। रोज की तरह सोमवार रात को भी वह अपनी बाइक से ऑफिस से घर के लिए निकला था। रात के समय वह रोज बुराड़ी मेन से ही घर आता था। सोमवार रात 8.30 बजे शादी समारोह के कारण मेन रोड पर जाम मिलने पर उसने धीरपुर आइटीआई होते हुए घर जाने का निर्णय किया।

**सामान लूटने के बाद बदमाशों ने मारी चाकू :** सुनसान गली होते हुए जब वह तारा चौक पर पहुंचा, तब वहां पहले से खड़े पांच बदमाशों ने उसे रोक लिया, वे सभी पैदल थे। बदमाशों ने चाकू दिखा जब उससे लूटपाट करनी शुरू की तब डर के कारण उसने बैग, पर्स, मोबाइल व बाइक सबकुछ उन्हें सौंप दी। फिर भी दो बदमाशों ने उसपर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इसपर गिड़गिड़ाते हुए सौरभ ने बदमाशों के सामने हाथ जोड़कर चाकू न मारने का अनुरोध किया, लेकिन बदमाशों का दिल नहीं पिघला। उसके पेट पर चाकू से दो वार व हाथ पर एक वार कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

**स्कूटी सवार दंपति को देख बदमाश भागे:** वारदात के बाद बदमाश सौरभ से लूटे गए सामान लेकर भागते, उसी दौरान पीछे से एक स्कूटी पर आ रहे दंपती की नजर बदमाशों पर पड़ने पर वे मौके पर ही सारा कुछ छोडकर पैदल भाग गए। स्कूटी सवार ने करीब 600 मीटर दूर खड़ी एक पीसीआर के पास जाकर पुलिसकर्मियों को घटना के बारे में जानकारी दी। इतना ही नहीं स्कूटी सवार ने पत्नी को पीसीआर के पास छोड़कर दो पुलिसकर्मियों को स्कूटी पर बैठा उन्हें लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए।

**सौरभ का सामान छोड़ भागे बदमाश :** वहां आने पर उन्होंने देखा कि सभी बदमाश सौरभ का सारा सामान मौके पर छोड़ भाग चुके थे। इसके बाद पीसीआर को बुलाकर सौरभ को उपचार के लिए सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया गया।



# जीत के लिए हमें बूथ को मजबूत करना होगा : सरमा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**




**भारतीय** जनता पार्टी की अम्बाला छावनी विधानसभा के तीनों मंडलों की अलग-अलग तीन बैठके हरियाणा के संगठन मंत्री फणिंद्रनाथ सरमा की उपस्थिति में गृह मंत्री अनिल विज व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा की अध्यक्षता में फारूखा खालसा स्कूल में शाम संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के संगठन मंत्री फणिंद्रनाथ सरमा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुख व बूथ प्रमुख किस प्रकार बूथ पर कार्य का विभाजन करें इसपर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ता से आह्वान किया कि आपका बूथ सबसे मजबूत होना चाहिए, तभी आप चुनाव जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के काम के साथ-साथ समाज सेवा में कार्यकताओं को पूरी रूचि लेनी चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो नौ वर्षों में देश की सुरक्षा मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं, गरीब कल्याण की योजनाएं बनाई हैं, विकास के कार्य किए हैं उनका घर-घर जाकर प्रचार करना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी के छह कार्यक्रमों के साथ-साथ, मन की बात का कार्यक्रम हर बूथ पर जरूर आयोजित करना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात सरल ऐप पर इसे लोड करना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का भी आह्वान किया। संगठन मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान तीन अलग-अलग बैठकों में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ मंडल पदाधिकारियों, मोर्चो के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, मंडल प्रभारी आदि की अलग-अलग तीन बैठक की। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा, उप प्रधान सरदार जसवीर सिंह जस्सी, महामंत्री ललित चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, मंडल प्रभारी मदन लाल शर्मा, उत्तराखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भट्ट, महामंत्री भूपेंद्र सिंह बिंद्रा, संजीव सोनी, श्याम सुंदर अरोड़ा, नरेंद्र राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित है।

**देश को 2047 तक विकसित भारत बनाना, पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने यह ठाना : गृह मंत्री अनिल विज**

कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री अनिल विज ने संगठन मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनके यहां आने से पार्टी संस्कारवान व मजबूत होगी और निश्चित दिशा की ओर अग्रसर होगी। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी में पार्टी से जुड़ी गतिविधियों के कार्यक्रम अनुशासनपूर्ण तरीके से बड़ी संख्या में किए जाते हैं और गत दिनों पन्ना प्रमुख सम्मेलन इसका उदाहरण है जिसमें बड़ी संख्या में वहीं पन्ना प्रमुख आए जिन्हें बुलाया गया था। यह कार्यक्रम अनुशासन के साथ हुआ जोकि सराहा गया था। इतनी बड़ी संख्या में कार्यकताओं का होना कार्यकताओं के आत्मविश्वास को स्वयं ही बढ़ाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को आकर राजनीति को विकास की नई दिशा दी। पहले देश में चुनाव भावनाएं भड़काकर किए जाते थे, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे बदल दिया, उन्होंने विकास की राजनीति करते हुए हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का कार्य किया। विकसित भारत बनाने के लिए उन्होंने फोकस प्वाइंट तय किए हैं

# मोदी कार्यकाल में हुआ योजनाओं का सरलीकरण: ऋषिपाल रावल



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**मोदी** कार्यकाल में योजनाओं का सरलीकरण जिस प्रकार से हुआ है उससे समय की बचत भी हुई है और आम आदमी दफ्तरों के धक्के खाने से बचा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ऋषिपाल रावल ने वीरवार को गांव पसीना कला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा पत्र और वंचित लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। मौके पर ही लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने संबोधित करते हुए कहा कि चाहे शांति की बात हो, चाहे भ्रष्टाचार खत्म करने की,चाहे आतंकवाद को खत्म करने की बात हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिया जाता है। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत के मान को आगे बढ़ाया है उससे आमजन का भी मान बढ़ा है।

विधु रावल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत माता के जय घोष को विश्व पटेल पर पहुंचाया है। भारत माता के जय घोष में सभी की जय घोष होती है इसलिए हमें राष्ट्र को सर्वप्रथम रखना चाहिए। आज देश में परिवर्तन को लेकर एक नए प्रकार की संस्कृति आगे बढ़ रही है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। आज गरीब की सुनवाई हो रही है और योजनाएं सीधे उससे जुड़ रही हैं।
इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने उपस्थित जन को संकल्प शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों का अवलोकन भी किया गया और गांव के विभिन्न उत्कृष्ट और गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर एडीसी वीना हुड्डा, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी सत्यवान मान, बीडीपीओ शक्ति सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र हुड्डा इत्यादि उपस्थित रहे।

**सम्मान**

**8 कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों का अवलोकन भी किया गया और गांव के विभिन्न उत्कृष्ट और गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया।**

**न्यूज फ्लैश**

## गाँव जाटल से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह सम्पन्न और परिचय पत्र वितरित: सुखवीर मलिक



**पानीपत, कमाल हुसैन** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ जाटल मे सर्किल इंचार्ज कर्मवीर जाताल के सहयोग से किया गया। सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय ( आइडेंटी कार्ड )पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। मलिक ने गांव जाटलमे न्यू नव नियुक्त ग्राम सचिव और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है जाटल गांव सचिव के साथ रमेश चंद्र राजेंद्र सिंह सुखबीर सिंह दयानंद रामफल सुशीला केसर देवी अंगूरी देवी,होशियार सिंह महेंद्र सिंह कृष्ण दत्त भोलाराम तेजवीर सिंह धर्मवीर कर्म सिंह रोहतास शर्मा रामलाल व अन्य ग्राम सचिव मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे सुमेंर सिंह खंडरा मनमोहन सिंह राजेंद्र राठी होशियार सिंह वार्ड 6 सुरेश शर्मा कृष्ण शर्मा संदीप मुकेश शर्मा आदि रह

## बार चुनाव: किसी भी उम्मीदवार ने नाम नहीं लिया वापिस

**गन्नौर** । गन्नौर बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की वापसी व जांच बुधवार को हुई। इस दौरान किसी ने नामांकन वापस नहीं लिया और सभी नामांकन वैध पाए गए। हालांकि सहसचिव पद के लिए नामांकन दाखिल करवा चुके अधिवक्ता दिनेश शर्मा के नामांकन की योग्यता पर अभी संशय बना हुआ है। दिनेश शर्मा के नामांकन पर उनके प्रतिद्वंदी संदीप राठौर ने चुनाव अधिकारी के समक्ष आपत्ति जताई है। उनका कहना है दिनेश शर्मा ने हाल ही में अधिवक्ता के तौर पर प्रेक्टिस शुरू की है। जिस वजह से वह अभी नामांकन नहीं कर सकते। वहीं दिनेश शर्मा की तरफ से भी इस आपत्ति पर जवाब दिया गया है। चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी ने बताया कि दिनेश शर्मा के नामांकन पर आई आपत्ति के बाद इस संबंध में बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा को लिखा गया है। उनका निर्णय आने के बाद ही इस पर गन्नौर बार द्वारा इस संबंध में फैसला लिया जाएगा।

**निर्विरोध कोषाध्यक्ष बने मोहन शर्मा:** बार चुनाव के लिए प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष के लिए कुल 9 नामांकन आए हैं। प्रधान, उपप्रधान, महासचिव व सहसचिव पद के लिए दो-दो नामांकन आए हैं, जिनके बीच चुनाव होगा। जबकि कोषाध्यक्ष के लिए मोहन शर्मा ने ही अपना नामांकन किया था, जिसके चलते उन्हें विजयी घोषित कर दिया गया।

**प्रधान पद के लिए होगा रोचक मुकाबला:** नामांकन पत्रों की वापसी व जांच पूरी होने के बाद प्रधान पद के लिए अरूण पहल व युद्धवीर सिंह के बीच टक्कर होगी। अरूण पहल पहले भी प्रधान रह चुके हैं, जबकि युद्धवीर सिंह काफी अनुभवी अधिवक्ता हैं। उन्होंने चुनाव तो नहीं लड़ा, लेकिन हर चुनाव में उनकी अहम भूमिका रही है। ऐसे में दोनों दावेदार अपनी जीत के लिए आश्वस्त दिख रहे हैं। जिसके चलते अब प्रधान पद किसे मिलेगा इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। वहीं उपप्रधान पद के लिए विशाल व सुरेश कुमार अत्री, महासचिव पद के लिए बसंत त्यागी व अशोक सैनी, सहसचिव पद के लिए संदीप राठौर व दिनेश शर्मा के बीच मुकाबला होगा।

# पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अम्बाला पूजा डाबला ने राजकीय महिला बहुतकनिकी संस्थान कल्पना चावला अम्बाला शहर व उप-पुलिस अधीक्षक बराडा श्री अनिल कुमार ने थाना बराडा के क्षेत्र लार्ड कृष्णा कॉलेज शिक्षण संस्थान बराडा, में पुलिस की पाठशाला के माध्याम से छात्र/छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, नशे की रोकथाम, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इन कार्यक्रमो मे अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्रीमति पूजा डाबला व उप-पुलिस अधीक्षक बराडा श्री अनिल कुमार ने सैमीनार कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे डायल 112 एप्प को छात्र/छात्राओ से मौका पर ही डाउनलोड करवा कर 112 एप्प बारे विस्तृत जानकारी दी गई। आज के कार्यक्रमो मे छात्र/छात्राओ व शिक्षकगणो ने बढचढ कर भाग लिया। ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्णह्ण के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं, शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधिक गतिविधियों/नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्रीमति पूजा डाबला ने युवाओं को सम्बोधित किया कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाता है

## बिना नंबर प्लेट वाहन चालकों के खिलाफ पानीपत पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**पानीपत कमाल हुसैन**

**पानीपत** जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए नवम्बर माह में बिना पैटर्न व बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला में विभिन्न चौक चौराहों पर नाकाबंदी कर पुलिस द्वारा वाहनों की गहनता से चेकिंग करते हुए बिना हाई सिक्योर नंबर प्लेट व बिना नंबर प्लेट के 2861 वाहनों के चालान किये गए। इसके अतिरिक्त अभियान के तहत यातायात के अन्य नियमों की उल्लंघना कर वाहन चलाते पाए जाने पर 9404 वाहन चालकों के चालान किए गए है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि कुछ वाहन चालक अपने वाहन पर जान बूझकर बिना पैटर्न की नंबर प्लेट लगाते है और कुछ तो नंबर प्लेट ही नही लगाते। इस प्रकार के वाहन चालक किसी प्रकार की घटना को अंजाम देकर कुछ दूरी पर जाकर आसानी से वाहन की नंबर प्लेट बदल देते हैं या लगा लेते है। ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट, बिना पैटर्न की नंबर प्लेट लगे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगा।

## विधायक ने ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन के नए हाल का किया उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला जिला**



ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन के नए हाल का उदघाटन विधायक अम्बाला शहर असीम गोयल नन्यौला द्वारा किया गया। इस अवसर पर महामंत्री सुदर्शन शर्मा, के.के शर्मा ने मुख्य अतिथि असीम गोयल नन्यौला का स्वागत किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सभा के पूर्व प्रधान प्राण नाथ शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम चौक एवं भगवान परशुराम भवन के हाल के निर्माण में सहयोग देने के लिए हम विधायक अम्बाला के आभारी हैं। विधायक महोदय ने मॉडल टाउन एवं नगर में चल रहे अनेक प्रोजेक्टों को के बारे में भी चर्चा तथा तथा कहा कि जल्द ही उन्होंने भी पूरा करवाया जाएगा। जिस पर मॉडल टाउन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आर.सी. सैनी ने सभा की ओर से उनका आभार जताया। विधायक असीम गोयल को प्राणनाथ शर्मा, राजिन्द्र शर्मा तथा अन्य सदस्यों ने पगड़ी और शाल देकर सम्मानित किया।

## गाँव पतरेहड़ी के राजकीय विद्यालय में डिजिटल मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहडी में प्रधानाचार्य दीपा कौशिक की अध्यक्षता में डिजिटल मेला का आयोजन किया गया इस उपलक्ष पर प्रधानाचार्य द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए टैक स्किल कल्ब के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई की किस प्रकार हरियाणा सरकार द्वारा पहल करते हुए *ई अधिगम, मुख्यमंत्री डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम, एडजस्ट हरियाणा, दीक्षा हरियाणा, अवसर पोर्टल और मेंटरिंग के लिए सक्षम समीक्षा ऐप* को लांच किया है। इस उपलक्ष पर विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल मेला लगाया गया

# मुरलीधर डीएवी स्कूल की छात्राओं ने जिला स्तरीय एनएसएस कैंप मे लिया हिस्सा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) एस** ए जैन (सी सै) विद्यालय में 29 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक जिला स्तर पर एन एस एस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे 30 विद्यालय व 200 स्वंय सेवको और 15 कार्यकर्ता अधिकारियों ने भाग लिया। इस कैंप का शुभारम्भ जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुरेश कुमार जी द्वारा किया गया। इस कैंप में मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल की ग्यारहवीं की जैनिस, तान्या, महक, अनिशा, आरती, सोमांशा, यशस्वी छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय की अध्यापिका व एन एस एस कार्यकर्ता श्रीमती अलका सैनी व खेल शिक्षक श्री अनमोल के निरीक्षण में छात्राएं रही। इस सप्ताह के कार्यक्रम मे वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, ड्रग्स पर आधारित प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन आदि गतिविधियां छात्रों को कराई। नशा मुक्ति पर एक छात्रों की रैली एस ए जैन विद्यालय से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक निकाली गई वहां पहुँच कर छात्रों ने झाडू द्वारा साफ सफाई की व गमले पेंट किये। मुरलीधर विद्यालय की छात्राओं ने नशा मुक्ति पर एकांकी नाटक प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि राज्य एन एस एस जिला कोऑर्डिनेटर श्री विजय ने छात्रों के सभी कामों को व श्रीमती अलका सैनी व श्री अनमोल की विशेष भूमिका अदा करने को सराहा। समापन समारोह मे सभी छात्राओं को पुरस्कार व सर्टिफिकेट व अध्यापकों को भी सर्टिफिकेट प्रदान किये गए।

# खरखौदा के प्रताप स्कूल की पूर्व छात्रा हिमानी बनी सिविल जज



**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**

**प्रताप** स्कूल खरखौदा की पूर्व छात्रा हिमानी ने हिमाचल प्रदेश ज्यूडिशियल सर्विस कम्पीटीटिव एग्जाम में छठा रैंक हासिल कर सिविल जज बन कर अपने क्षेत्र, माता-पिता व प्रताप स्कूल खरखौदा का नाम रोशन किया है। हिमानी की इस उपलब्धि से उसका गाँव, माता-पिता, क्षेत्र, प्रदेश और साथ में प्रताप स्कूल खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

प्रताप विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व विद्यालय स्टॉफ ने हिमानी को बुकें भेंटकर सम्मान स्वरूप शॉल देकर उनका स्वागत किया। हिमानी ने बताया कि वह 2007 में प्रताप स्कूल खरखौदा में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आई थी और 2017 में प्रताप स्कूल से 12 वीं कक्षा कॉमर्स संकाय से पास की।
इस अवसर पर हिमानी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने स्वयं सोशल मीडिया से दूरी बनाई और अपने लक्ष्य को भेदने तक लगातार मेहनत करती रहीं। हिमानी ने अपनी स्कूली जीवन की यादों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साँझा किया। उन्होंने अपने उन अध्यापकों को विशेष धन्यवाद दिया जिन्होंने उन्हें आज इस पथ पर अग्रसर किया। हिमानी ने स्कूली अनुशासन का महत्त्व समझाया और बताया कि किस प्रकार प्रताप स्कूल का अनुशासन उनके जीवन में काम आया। हिमानी ने बताया कि इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा कि उनके जीवन के शुरूआती दिनों में सर्वाधिक प्रभाव किनका रहा तो उन्होंने पूरा श्रेय प्रताप स्कूल के पूर्व प्राचार्य स्व. धर्मप्रकाश को दिया। हिमानी के माता-पिता ने हिमानी को मिली सफलता का श्रेय प्रताप स्कूल को दिया।

उनका मानना है कि हिमानी की पढ़ाई के प्रति लगन, कमुनिकेशन स्किल और सकारात्मक सोच की नींव प्रताप स्कूल में ही रखी गई। इसके लिए उन्होंने प्रताप स्कूल का धन्यवाद किया। हिमानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अपने गुरूजनों और विशेष रूप से अपने प्राचार्य स्व. धर्मप्रकाश को दिया। जिनके मार्गदर्शन से प्रेरित होकर आज वह इस मुकाम पर पहुँची हैं।

# पानीपत: सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं घर-घर: रावल

**पानीपत/ कमाल हुसैन**



**प्रधानमंत्री** विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को बाद दोपहर गांव पसीना खुर्द में पहुंची। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में बापौली के सरपंच शिवकुमार रावल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शिवकुमार रावल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं धरातल पर जाकर लोगों के घर तक पहुंच रही हैं जिससे आमजन को सीधे तौर पर फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए लोगों को शहर जाना पड़ता था उनको अधिकारी घर -घर जाकर हल करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की पूरी जानकारी व उनका लाभ पात्र लोगों को देने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकारी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी स्टॉल भी लगा रहे है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी सांझा किए और लोगों से अपील की कि जो भी पात्र लोग हैं वे इन योजनाओं को फायदा उठाएं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने कहा कि आज का समय युवाओं का है और युवा ही इस विकसित भारत को बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल को आगे ले जा सकते हैं, इसलिए भारत को सशक्त हमें ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने सरपंच पसीना खुर्द को अभिनंदन पत्र भी सौंपा। इस मौके पर ग्राम पंचायत पसीना खुर्द की ओर से बापौली के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल और सरपंच शिवकुमार रावल को पगड़ी, स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी सत्यवान मान, बीडीपीओ शक्ति सिंह इत्यादि की उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित फिल्म भी लोगों को दिखाई गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी लोगों को सुनवाया गया।

## 17 वर्षीय मोहित की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**गन्नौर** । गांधी नगर में प्लाट में अर्धनग्न अवस्था में मिले 17 वर्षीय मोहित के शव के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

आरोपित सुरेंद्र उर्फ छमका निवासी गांव कासंडा हाल गांधी नगर गन्नौर व जितेंद्र उर्फ लिल्ली निवासी गांव सैयाखेड़ा के रहने वाले हैं। मोहित के पिता ने जितेंद्र उर्फ लिल्ली व उसके साथियों पर उसके बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके चलते गन्नौर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जितेंद्र उर्फ लिली व उसके साथी सुरेंद्र उर्फ छमका को गिरफ्तार कर लिया है।

**शादी समारोह में गया था मोहित:** गांधी नगर का रहने वाला मोहित 29 नवंबर को गुमड रोड स्थित गणपति गार्डन में शादी समारोह में गया था। जिसके बाद वह वापस नही लौटा। जिसके बाद मोहित के पिता राजेश ने पुलिस को उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी, लेकिन 4 दिसंबर को मोहित का शव सैनी कालोनी, गांधी नगर में खाली प्लाट में पड़ा मिला।

राजेश के पिता ने पुलिस को बताया कि शादी समारोह में जितेंद्र उर्फ लिली व उसके साथियों

ने उसके बेटे के साथ मारपीट की और उसके पैसे छीनने के बाद उसकी हत्या कर दी।

**आरोपितों को आज करेगी पेश:** जांच अधिकारी एसआई सुलतान सिंह ने बताया कि पुलिस

ने कार्रवाई करते हुए जितेंद्र उर्फ लिली व उसके साथी सुरेंद्र उर्फ छमका को गिरफ्तार कर लिया है।

### मंत्री ने सीवर की शिकायतों के मद्देनजर वजीरपुर जे.जे कॉलोनी में ग्राउंड जीरो पर पहुंच लिया हालात का जायजा

# सीवर की स्थिति देख जलमंत्री ने लगाई अधिकारियों को फटकार

**तीरथ राज/नई दिल्ली**

**सीवर शिकायतों** के मद्देनजर निरीक्षण की श्रृंखला को जारी रखते हुए जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को वजीरपुर जे.जे.कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में जाकर निरीक्षण किया और गलियों में सीवर का बहता पानी देख अधिकारियों को फटकार लगाई।

सीवर की बदहाल स्थिति देख जलमंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई और सख़्त चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी ज़िम्मेदारी के साथ अपना काम करें वर्ना कड़े परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। बतादें कि यहां लोगों से लगातार सीवर की शिकायतें मिल रही थी उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उसके समाधान को लेकर कोई



कदम नहीं उठाया जा रहा था। ऐसे में जल मंत्री ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरकर समस्या का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने जल मंत्री से साझा करते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से सीवर की समस्या है। महीनों से सीवर लाइनें साफ नहीं हुई है, जिस कारण सीवर का गंदा पानी गलियों में बह रहा है। इस बाबत

**शिकायत...**

**8 निरीक्षण के दौरान लोगों में दिखा अधिकारियों के प्रति गुस्सा, शिकायतों के बाद भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं।**

उन्होंनेजल बोर्ड को इस समस्या से अवगत करवाया, बार-बार शिकायतें भेजी लेकिन उसके बावजूद सीवर समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया और अधिकारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है। जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जलमंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार में लापरवाही की कोई जगह नहीं है। अधिकारियों को हमेशा जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए अगर कोई भी अधिकारी इसमें लापरवाही दिखाते है तो अपने खिलाफ कड़े एक्शन के लिये तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में सीवर की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिये। मंत्री ने पाया कि कई गलियों में सीवर का पानी सीवर के बाहर बह रहा है। इस मौके पर विधायक राजेश गुप्ता, पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी मौजूद रही।

# महंगाई कम करने की ओर ध्यान दें सरकार: खान

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**



**जब** देश में कांग्रेस की सरकार थी, उस समय देश काफी खुशहाल था। कोई भूख से नहीं सोता था, कांग्रेस के कार्य को कोई भूले नहीं भूला सकता है, लोग आज भी कांग्रेस पार्टी पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तभी से ही देश में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है।

उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बदरूदीन खान ने कही। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन बीजेपी सरकार उनकी मेहनत की कमाई को लूटने में लगी हुई है। खान ने कहा कि देश में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल, तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है।



दिल्ली नगर निगम केशवपुरम जोन द्वारा शालीमार बाग वार्ड-56 में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए समाजसेवी सत्य पाल शर्मा व साथ में है निगम अधिकारी।

# अलीपुर: सफाई व्यवस्था बदहाल, सड़क पर बह रहा नाली का पानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के अलीपुर गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है। सफाई के अभाव में ओवरफ्लो हुई नालियों से निकलने वाला गंदा पानी गलियों, सड़कों पर बह रहा है। जो राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी परेशानियां बढ़ा रहा है फिर भी जिम्मेदार लोगों द्वारा नालियों की साफ सफाई को लेकर अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार सिविक एजेंसियों को इस बारे में शिकायत दी गई है, लेकिन इलाके में सफाई दिखाई नहीं देती हैं। नालियां ओवरफ्लो रहती है। अलीपुर गांव के पाइप लाइन रोड़ और केक फैक्ट्री, रोड़ की हालत इतनी



खराब हो चुकी है कि लोग यहां से पैदल तक नहीं निकल सकते है। यहां नालियों की सफाई नहीं होने की वजह से वह खस्ता हो चुकी है। इसके कारण लोग घर से बाहर तक नहीं निकल सकते है। अधिकांश लोगों के घर के बाहर गंदा पानी भरा रहता है। स्थानीय निवासी कुलदीप मान ने बताया कि नालियों का ओवरफ्लो गंदा पानी गलियों में बहता है, जिसके कारण न सिर्फ यहां से गुजरने वाले राहगीरों बल्कि, स्थानीय लोगों का भी घर से निकलना दुभर हो जाता है ।

उन्होंने बताया कि कई बार नगर निगम से शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। बिना बारिश भी यहां की गलियां गंदे पानी से लबालब भरी रहती है। इसकी वजह से लोग अपने बच्चों तक को घर के बाहर नहीं निकलने देते है। सड़क पर पानी भरे रहने की वजह से सड़क के डैमेज होने का भी खतरा है। लोगों ने बताया कि यहां गंदा और बदबूदार पानी जमा रहने की वजह से इसमें मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनप चुके हैं। जिससे लोगों को बीमारी और संक्रमण फैलने का खतरा सता रहा है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराई जाए।

# जहांगीरपुरी: मुख्य रोड़ पर गंदगी का अंबार, लोग परेशान

### प्रशासन की लापरवाही से रोड़ पर कूड़े का ढ़ेर, प्रशासन नहीं दे रहा समस्या पर ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी दिल्ली** के कई इलाको के मुख्य रोड़ों पर गंदगी का अंबार होने की वजह से वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। ऐसी ही समस्या इन दिनों जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर पिछले कई दिनों से बनी हुई है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है।

**बदबू से परेशान होते है लोग: दीपक कुमार** ने बताया कि इस रोड़ पर जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लगे हुए है, जिसकी वजह से हम लोगों को परेशान होना पड़ता है,



लेकिन समस्या का समाधान करने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है।

**स्वच्छता के दावे हुए फेल:** सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि वैसे तो निगम व दिल्ली सरकार दोनों ही स्वच्छता के दावे करती है, लेकिन दिल्ली के इलाको की स्वच्छता को लेकर असलियत देखी जाये तो वह वादों से बिल्कुल ही अलग नजर आती है।

**जगह-जगह पड़ा हुआ है कूड़े का ढ़ेर:** श्री राघव ने बताया कि जहांगीरपुरी रेड़ लाईट से लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल तक मुख्य रोड़ पर कई जगहों पर कूड़े का ढ़ेर लगा हुआ है, लेकिन प्रशासन इस कूड़े को उठाने का शायद प्रयास ही नहीं करता है, जिसस कारण से यहां से गुजरने वाले लोगों को बूदबू और गंदगी का सामाना करना पड़ रहा है।

# मॉडल टाउन: असहाय लोगों की मदद के लिए सभी करें पहल: विजय मेहता

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**मॉडल टाउन पार्ट** तीन के रहने वाले व जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान व प्रसिद्व समाजसेवी विजय मेहता ने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। इसके साथ उन्होने



यह भी बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए।

**पौधारोपण भी है जरूरी:** पौधारोपण इसलिए भी जरूरी हैं क्योंकि जैसा की सभी जानते है कि दिल्ली में प्रदूषण कितना ज्यादा हो रहा है जिससे कि लोगों का खुली हवा में सांस लेना भी दूभर हो गया है, इसलिए जितना ज्यादा पौधा लगाया जाएगा उतना ही ज्यादा हमारे और हमारी पीढ़ियों के लिए बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।

# 'भाजपा की तरह ही केजरीवाल शासन में भी कर्मचारियों का हो रहा है शोषण'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी से दिल्ली नगर निगम की मेयर का न मिलने पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट घोर निंदा करता है। उक्त बातें ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना भाई ढिकोलिया ने कही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने दिल्ली के मुख्यमंत्री व मेयर शैली ओबराय को याद दिलाया कि सत्ता में आने से पहले आप ने कहा था कि दिल्ली से ठेकेदारी प्रथा को पूरी तरह से खत्म करेंगे।

ठेके पर कार्य करने वाले मजदूरों को नियमित करायेगें। किंतु खेद है कि आज सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री अपना वादा भूलकर ठेकेदारी प्रथा को ज्यादा बढ़ावा दे रहे है। श्री ढिकोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री वाल्मीकि समाज,



सफाई मजदूर वर्ग को ठेकेदारी में नियुक्त करके उन्हें गुलाम बनाने की साजिश कर रहे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना भाई ढिकोलिया ने कहा कि निगम में पहले से कार्यरत सफाई कर्मचारियों का शोषण शिकार है। कर्मचारियों को सालों से नियमित नहीं किया गया है। अनेको मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरियां तक नहीं दी गई है। श्री ढिकोलिया ने आप पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की तरह ही केजरीवाल शासन में भी सफाई कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

### हमेशा ही करता रहूंगा क्षेत्र के लोगों की सेवा : शर्मा

# भाजपा के कार्यों से खुश है देश के लोग: संजय शर्मा



### भाजपा नेता संजय शर्मा ने कहा

= भाजपा ने जो वादे देश की जनता से किए थे उनको पूरा करके दिखाया है, तभी तो देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

= मेरा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहायता कर सकूं, जिसके लिए मैं सदैव उपस्थित हूं।



**आज** हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जो कि अपने कार्य के बदौलत क्षेत्रीय जनता के दिलों में आज भी बसे हुए है। यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा की।

**अपने कार्यकाल में क्षेत्र को चमकाया:** आपको बतादें कि संजय शर्मा की धर्म पत्नी मंजू शर्मा 2017-2022 तक वार्ड नंबर-63 से निगम पार्षद रह चुकी हैं। जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में इतने कार्य करवाए है कि जिनको उंगली पर गिना जाए तो शायद दिन भी कम पड़ जाए। उनमें से कुछ काम जो उनके द्वारा करवाए गए है, उनके बारे में विस्तार से जानते हैं।

**लोगों के लिए चलाया स्वास्थ्य व स्वच्छता मिशन:** मैडिकल कैम्प द्वारा सैंकड़ो जरूरतमंद लोगों को चश्मे व कानों की मशीनों का वितरण किया गया। क्षेत्र स्थित आत्माराम गुप्ता पोली क्लीनिक में निरन्तर निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया गया तथा टूटी छतों व कमरों को रिपेयर किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य व सफाई को ध्यान में रखते हुए करीब 8000 डस्टबिनों का वितरण किया गया।

**सड़कों के नामकरण:** उन्होंने बताया कि क्षेत्र के गणमान्य दिवंगत व्यक्तियों व समाज के नाम पर अनेक सड़कों का नामकरण किया गया।

**बर्तन बैंक की स्थापना:** उन्होंने कहा कि हमारे कार्यालय से धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक व अन्य आयोजनों के लिए कुर्सियां व स्टील की क्रोकरी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती रहीं है।

**गैस पाईपलाइन की शुरूआत:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना के अंतगर्त आईजीएल गैस पाइप लाइन पास करवाई गई, व घरों में कनैक्शन लगे जिसके लिए हमने निरन्तर प्रयास किया था।



**हमारा प्रयास, क्षेत्र का विकास:** उन्होंने बताया कि मेरा प्रयास हमेशा ही यही रहा है कि मैं अपने क्षेत्र वासियों को और बेहतर सुविधा दे सकूं, जिसके लिए सभी पार्कों का निरन्तर निरीक्षण किया गया। चौकीदार व मालियों को उनकी कमियों से अवगत करवाया गया, जनता द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाकर पार्कों के रख-रखाव व सुन्दरता को बढ़ाया गया। इतना ही नहीं वार्ड में ओपन जिम व कम्युनिटी सेंटर बनवाया गया। चारों पार्कों में ओपन जिम लगवाए गए, स्कूल व पार्कों में बच्चों के लिए झूले लगवाए गए। साथ ही पार्कों व सार्वजनिक डार्क प्वाइंट पर हाई मास्ट लाइटें लगवाई गई।



**भाजपा से खुश है देश की जनता:** भाजपा वादे की पक्की है। आज देश में भाजपा के राज में विकास हो रहा है। मोदी जी ने कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

**- प्रस्तुति: महेन्द्र सिंह**

# नए वोटरों और मृत्यु हुए वोटरों के लंबित आवेदनों को पूरा करना सुनिश्चित करें:शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरि ओम गुप्ता)**

एडीसी कम सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनन्द शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नए वोटरों, ट्रांसफर वोटरों और मृत्यु हुए वोटरों के लंबित आवेदनों को पूरा करना सुनिश्चित करें। योग्य/पात्र व्यक्तियों के आयोग की वेवसाईट पर जाकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रणाली के जरिये आवेदन करें। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी बतौर बीएलओ लगी हुई है वे सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार शनिवार व रविवार को सुबह 09:00 बजे सायं 05:00 बजे तक अपने- अपने मतदान केंद्रों पर या कार्यालय में उपस्थित रहकर नागरिकों के दावे व आपत्तियों के फार्म भरना सुनिश्चित करें। एडीसी आनंद शर्मा ने आज वीरवार को लघु सचिवालय के

**आवेदन**

**8 एडीसी ने कहा कि वोट बनवाने, कटवाने व शुद्धि करवाने के लिए फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09 दिसंबर 2023 होगी।**

बैठक कक्ष में लोक सभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर ईआरओ एवं एईआरओ सहित अन्य अधिकारीयों के साथ बैठक की तथा सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

नए वोट बनवाने, मृत्यु होने पर हटवाने और ट्रांसफर वोटरों के लिए यह भरें फार्म:-

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनन्द शर्मा ने बताया कि जिन युवाओं का जन्म 01 जनवरी, 2006 से पूर्व हुआ हो अर्थात एक जनवरी, 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। वें युवा अपने बीएलओ के पास



फार्म नंबर 6 भरकर नए वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है तो उनके परिवार के सदस्य फॉर्म नंबर 7 भरकर उनका नाम मतदाता सूची से हटवा सकते हैं। वहीं यदि आप मतदाता सूची में दर्ज विवरण को शुद्ध करवाना चाहते हैं तो फार्म नंबर 8 भरकर आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त ये सभी फार्म भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल पर ऑनलाइन भी अप्लाई किये जा सकते हैं। एडीसी ने कहा कि वोट बनवाने, कटवाने व शुद्धि करवाने के लिए फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09 दिसंबर 2023 होगी। उन्होंने आगे बताया कि 26 दिसंबर तक दावें एवं आपत्तियों का निपटारा करते हुए आगामी 05 जनवरी, 2024 को फाइनल नई इलैक्टरोल मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग के हिदायतों का मतदाता सूची के ड्राफ्ट के लिए पेंडिंग फार्मों को पूरा पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद में विधान सभा क्षेत्र वार सभी नए वोटरों, ट्रांसफर वोटरों और मृत्यु हुए वोटरों के फार्मों की पेंडिंग को पूरा करना सुनिश्चित करें। वहीं योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट पर जाकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रणाली के जरिये आवेदन कर सकते हैं। जिला फरीदाबाद में नए वोटरों, ट्रांसफर वोटरों और मृत्यु हुए वोटरों के मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट में सभी एईआरओ/ अएफ्ढ अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मृत व पलायन कर चुके मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार कार्यवाही करने उपरान्त मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित करें और उससे संबंधित रिकॉर्ड तीन वर्ष तक सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर जहां भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर या कार्यालयों में बीएलओ और सुपरवाइजर से इलैक्टरोल मतदाता सूची के कार्य बेहतर तालमेल करके पूरा करना सुनिश्चित करें।

भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जो भी युवा 01-01-2024 को 18 साल का हो जाएगा यानी 01-10-2006 से पहले जन्मे हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करने के लिए दावे और आपत्तियों के कार्य को बेहतर अमलीजामा पहना कर पूरा करना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कहा कि सभी ईआरओ और एईआरओ/अएफ्ढ अपने अपने स्तर पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले कॉलेजों के प्रधानाचार्य, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, आरडब्लूए, समाज सेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए मतदाता सूची से जुड़े जितने भी फॉर्म जिस कारण से पैडिंग है।

उनका निपटारा निर्वाचन आयोग के नियमानुसार सात दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 05 जनवरी-2024 को फाइनल इलैक्ट्रल रोल के बाद कोई भी कमी दूर करना सम्भव नहीं होगा। एडीसी कम सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनन्द शर्मा ने जिला अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में फरीदाबाद, बड़खल, एनआईटी, तिगांव, बल्लभगढ़ और पृथला सहित सभी छः विधान सभा क्षेत्रो के सभी पैन्डिगं फार्मों को पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी बूथों या कार्यालय में शनिवार और रविवार को बीएलओ तथा सुपरवाइजर से पैन्डिगं फार्मों को पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

# 22 व 23 दिसंबर को आयोजित होगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव: एडीसी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरि ओम गुप्ता)**

एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में आगामी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 2023 के लिए हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, झाकियों सहित तमाम तैयारियां शुरू कर दी गई है। दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर एडीसी ने अधिकारियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों संग बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की गई। गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सेमिनार व शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि आगामी 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि 22 से 23 दिसंबर दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में आयोजित किया जाएगा। एडीसी आनन्द शर्मा ने आज वीरवार को लघु

**आयोजन**

**8 सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सेमिनार व शोभा यात्रा का किया जाएगा आयोजन**

सचिवालय के बैठक कक्ष में आगामी 22 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों और धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा जहां महोत्सव में सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। एडीसी ने बैठक कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक जिला में भी जिला स्तरीय दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही जुडा हुआ है क्योंकि यह ग्रंथ हरियाणा से ही निकला है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करें और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि दो दिन के इस महोत्सव के दौरान विभाग, सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी भागीदारी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 22 दिसम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। जहां लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में अपनी-अपनी बेहतर रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं दूसरे दिन श्रीमद्भागवद्गीता पर सेमिनार के आयोजन के दौरान वक्ता गीता पर अपने-अपने विचार रखेंगे।

# एनएसई-सूचीबद्ध 2000 कंपनियों में से केवल 5% में महिलाएं सीईओ हैं : रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

एक प्रमुख अनुदान देने वाले संगठन, एडलगिव फाउंडेशन ने वित्त और अर्थशास्त्र में महिलाओं के नेतृत्व के रास्ते पर एक अध्ययन जारी किया। रिपोर्ट भारत में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिकाओं की धीमी प्रगति पर प्रकाश डालती है - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 2000 में से केवल 100 (5%) कंपनियों में महिलाएं सीईओ हैं। रिपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार फे डिसूजा और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, भारत सरकार की शमिका रवि के बीच एक बातचीत भी शामिल थी।

# डोम्स इंडस्ट्रीज लि का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 13 को खुलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कंपनी) ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (ऑफर) बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को खोलने का प्रस्ताव रखा है। बिड/ऑफर के बंद होने की तिथि शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 होगी। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023 है।

ऑफर का प्राइस बैंड ?750 प्रति इक्विटी शेयर से ?790 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 18 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 18 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई




जा सकती है।

ऑफर में ?3,500.00 मिलियन तक की कुल संख्या में इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (नया निर्गम) शामिल है। साथ ही, ?8,500.00 मिलियन तक इक्विटी शेयरों (ह्यऑफर किए गए शेयरह्ल) की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है। इनमें ?8,000.00 मिलियन तक के एफ आई एल ए - फैब्रिका इटालियाना लैपिस एड एफिनी एस.पी.ए. के इक्विटी शेयर, संजय मनसुखलाल राजानी द्वारा ?250.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर, और केतन मनसुखलाल राजानी द्वारा ?250.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, ह्यसेलिंग शेयरहोल्डर्सह्ल और सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा बिक्री के लिए, ह्यऑफर फॉर सेलह्ल) भी हैं। इस ऑफर में योग्य कर्मचारियों (ह्यकर्मचारी आरक्षण भागह्ल) द्वारा सदस्यता के लिए ?50.00 मिलियन तक की संख्या में इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है। कंपनी, बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, कर्मचारी आरक्षण भाग (ह्यकर्मचारी डिस्काउंटह्ल) के तहत बोली लगाने वाले योग्य कर्मचारियों को ऑफर मूल्य पर ?75 प्रति इक्विटी शेयर के बराबर छूट की पेशकश कर सकती है।

# नीमका जेल में लगाई गई लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरि ओम गुप्ता)**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के दिशा निर्देशानुसार वीरवार को जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जेल लोक अदालत में 21 केस रखे गए जिनमें से 02 केसों का मौके पर निपटारा किया गया। जोकि चोरी व छोटी मारपीट से संबंधित थे। जेल में बंद दिनों को सजा मानकर कटी गई। सजा पर यदि आरोपी किसी दूसरे केस



में वांछित ना हो तो ऐसे 02 हवालाती बंदियों को छोड़ने का आदेश भी दिया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने विचाराधीन बंदियों को कहा कि जाने अनजाने में जो गलती हुई है। उनका सुधार करते हुए अपना समय अच्छे काम में लगाएं। ताकि आपका आने वाला भविष्य उज्जवल हो सके। आप अपना बेहतर जीवन समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ कर जी सकें।जिला जेल लोक अदालत में जेल सुपरिटेंडेंट हरिंदर सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट दीपक परमार रईस खान व प्रभात शंकर स्टेनो उपस्थित रहे।

# जीवन में सफलता पाने के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ साथ लाइफ स्किल्स में प्रवीणता होना जरुरी: एडीसी आनन्द शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )**

उपायुक्त विक्रम सिंह एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद के कुशल मार्गदर्शन में आज वीरवार को बाल महोत्सव 2023 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आज के जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ० आनंद शर्मा,ने शिरकत की। उन्होंने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एस एल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी ने की। मुख्य अतिथि एडीसी आनन्द शर्मा ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए शैक्षणिक उत्कृष्ठता के साथ साथ लाइफ स्किल्स में प्रवीणता होना जरुरी है और ये प्रतियोगिताएं लाइफ स्किल्स का हिस्सा है। जिनमे भाग लेने से उसकी क्षमता का आंकलन होता है तथा विभिन्न विधाओं में निपूर्णता हासिल होती है। अंत में सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में जिला बाल कल्याण परिषद्, फरीदाबाद द्वारा ऐसे ज्यादा कार्यक्रम कराने को कहा। जिससे बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभा को और निखारा जा सके । जिला बाल कल्याण अधिकारी श्री एस. एल. खत्री ने अथितियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज वीरवार के कार्यक्रम में बाल महोत्सव-2023 के दौरान 46 विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता 380 बच्चो को पुरस्कृत किया गया। सेंट जॉन्स स्कूल सेक्टर 7, फरीदाबाद व डीऐवी सेक्टर झ14, फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने जिला में बाल महोत्सव 2023 के अंतगत प्रतियोगितओं में सबसे अधिक परुस्कार प्राप्त किये। जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने वाले निर्णायक मंडल के 20 सदस्यों को भी सम्मनित किया गया।

# रात्रि के समय पब्लिक ट्रांसपोर्ट /साधन नही मिलने पर 4 महिलाओं को सुरक्षित घर छोड़ने का सराहनीय कार्य किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी हैडकवार्टर के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेन्ट्रल जोन प्रभीर इंदु बाला व ईआरवी सेन्ट्रल जोन इंचार्ज कुलजीत सिंह की टीम महिला ईआरवी/पीसीआर की टीम ने रात्रि के समय सवारी गाडी नही मिलने वाली 4 महिलाओं को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात्रि के समय करीब 2.45 बजे सेक्टर-28 मेट्रो पर पीसीआर नम्बर-2 गस्त पर थी। गस्त के दौरान तीन महिला खडी हुई मिली जिनसे पुलिस टीम महिला सब इंस्पेक्टर सुरेश बाला, महिला सिपाही पूजा व ड्राइबर मनीष ने पूछताछ की तो पता चाला की महिला किसी शादी समारोह से आई है जो आदर्शनगर दिल्ली जा रही है जो रात्रि के समय कोई सवारी गाडी नही मिलने पर सवारी गाडी का इंतजार कर रही है। पुलिस टीम ने तीनों महिलाओं को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर बदरपुर बोर्डर से दिल्ली के लिय ऑटो में बैठाकर घर पहुंचने का सराहनीय कार्य किया है।

# जनवरी से अब तक नशा तस्करी के 323 मामले दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )**

हरियाणा सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ व अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए निर्देश पर क्राइम ब्रांच व थाना की टीम ने नशा तस्करी करने वाले 415 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है। पुलिस आयुक्त के द्वारा समय समय पर क्राइम रिव्यू मीटिंग में सभी थाना, चौकी प्रभारी व क्राइम ब्रांच ईंचार्जों को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए जाते रहे है। इसके अलावा कुछ एरिया जो जहां पर ड्रग्स की पुड़िया वगैरा



बेची जाती है में निगरानी रखने व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद में नशा तस्करी करने वाले आरोपियो के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें थाना व क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा आरोपियो को गिरफ्तार कर नशीले पदार्थ बरामद किए जा रहे है। आरोपियो पर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियो से अफीम, सुल्फा, ब्राउन सुगर, चरस, स्मैक, गांजा, हेरोईन, चुरा पोस्त, नशीले इंजेक्शन, कैप्सूल इत्यादि नशीले पदार्थ बरामद किए गए है। इस तरह की नशा तस्करी को रोकने के लिए फरीदाबाद पुलिस के खुफिया तंत्र मुखबिर के अलावा समय समय पर अचानक नाका लगाकर चेकिंग भी की जाती है। क्राइम ब्रांच टीम सिविल में तथा थाना पुलिस टीम अपने एरिया में गस्त करती है। नशा तस्करी के मामलो में कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 में अब तक 323 मामले दर्ज कर 415 आरोपियो को गिरफ्तरा कर 2284.763 किलोग्राम नशीले पदार्थ को बरामद किया गया है। समाज में पनप रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों का एक कारण नशा है। इस बुराई को छिपाने के बजाय उजागर करना होगा। सामाजिक तौर पर सोच बदलनी होगी। नशा तस्करो द्वारा अपने पैसे के लालच और स्वार्थ के लिए युवा पीढ़ी को नशे का शिकार बना रहे है। कुछ युवा/बच्चे भी नशे की लत का शिकार हो रहे है। नशे की लत के कारण नशे की पूर्ती के लिए पढ़ाई के नाम पर अभिभावकों से पैसा लेकर मादक पदार्थ खरीद रहे हैं। लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और अपने बच्चो पर ध्यान रखना होगा कि आपको बच्चे किसी गलत संगत में तो नही पड गए है।

# गाँव बुखारपुर तथा जुन्हेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज वीरवार को फरीदाबाद के गाँव बुखारपुर तथा जुन्हेड़ा में पहुँचने पर ग्रामवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में आए लोगों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए गये कैम्पों के माध्यम से लोगों को अलग-अलग प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में



शिरकत करते हुए यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा - जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हर नागरिक को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के ओजस्वी नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "एक नई सोच के साथ एक नए भारत" के निर्माण का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है, जिस बारे आमजन को जानकारी दी जा रही है और योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने सभी स्टालों का अवलोकन भी किया।

# बटनदार चाकू सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर, एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने बटनदार चाकू सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रहमत अली राहुल कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने



अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना से राम धर्म कांटा एनआईटी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से बटनदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कुछ दिन पहले कोसी मथुरा घूमने गया था। वहा किसी व्यक्ति से बटनदार चाकू को 300 रु में खरीद कर लाया था। आरोपी से पूछताछ में थाना सेक्टर-17 के चोरी के मामले का खुलासा हुआ है जिसमें आरोपी ने एक स्कूटी को सेक्टर-16-ए मैट्रो स्टेशन के पास से चोरी की थी। आरोपी से स्कूटी बरामद कर ली है। आरोपी पहले भी अवैध हथियार के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों का हक लूटा: ओम प्रकाश राजभर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों का हक लूटा है। सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने पिछड़ों का भला नहीं किया। अब जब विपक्ष में हैं तो उन्हें पिछड़ों की चिंता सता रही है। ओम प्रकाश राजभर ने गुरूवार को लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधानसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं। जिसका इंतजार था उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। राजभर के इस बयान को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे को लेकर देखा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ का आज दिल्ली दौरा है और वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे।

## हाथी दांत की तस्करी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अजमेर**
हाथी दांत की तस्करी के आरोप में वन विभाग की टीम ने तीन युवकों को पकड़ कर उनसे हाथी दांत बरामद किए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारी पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर पता कर रहे हैं कि उन्हें यह हाथी दांत कहां से मिले। वन विभाग के अधिकारी हाथी दांत तस्करी की पूरी कड़ी जोड़ने के प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि विभाग की टीम ने हाथी दांत की तस्करी करने वाले तीन लोगों की सूचना वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली थी। डीएफओ अभिमन्यु सहारण ने बताया कि वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की सूचना एसीएफ मुल्केश सालवान, अजमेर रेंजर बालूराम सारण सहायक वनपाल महेंद्र, अलका चौधरी, गिरिराज मीणा, बच्छराज सिंह, वनरक्षक निम्बाराम गोदारा की टीम बनाई गई। ब्यूरो के सदस्य भी इसमें शामिल थे। डीएफओ के मुताबिक नसीराबाद रेंज क्षेत्र में आने वाले तबीजी के पास आरोपी ने हाथी दांत का सौदा करने के लिए किसी व्यापारी को बुलाया था। वह नहीं पहुंचा, लेकिन टीम के सदस्यों ने ग्राहक बनकर कार्रवाई की। डीएफओ के मुताबिक आरोपी हटूंडी निवासी कादर, डूमाड़ा निवासी भंवरलाल गुर्जर, सीकर जिले के खंडेला निवासी महावीर प्रसाद मीणा के कब्जे से कार्रवाई के दौरान एक किलो वजनी और 45 सेंटी मीटर लंबा हाथी दांत बरामद किया गया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जीबीसी की तैयारी : उत्तर-प्रदेश में 10 कंपनियां करेंगी निवेश

## जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अब तक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। प्रथम फेज में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**डेटा सेंटर पार्क में 30 हजार करोड़ का निवेश:** जीबीसी के प्रथम फेज में प्रदेश में होने जा रहे सबसे बड़े निवेश की बात करें तो यह एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है। 30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है। एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है।

इसके साथ ही 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निमार्णाधीन है।


**जालौन में सौर ऊर्जा पार्क का होगा निर्माण:** इसके अतिरिक्त 7500 करोड़ की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है।

## स्कूलों में रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होगी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**अयोध्या** में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का दिव्य-भव्य मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर जहां प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों में श्रीराम के आदर्शों को उतारने का भी काम करेगी। रामायण से जुड़े प्रसंगों पर चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करना है।

रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में होंगी प्रतियोगिताएं प्रदेश सरकार की ओर से रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता यूपी के सभी बेसिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में होगी। यही नहीं अयोध्या के विभिन्न घाटों व स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना की जानी है। इन कलाकृतियों की आधुनिक रूप से साज-सज्जा प्रस्तावित है। कलाकृतियों के निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। संस्कृति विभाग की ओर से अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन के दृष्टिगत लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रामोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताओं व मूर्तिकला-चित्रकला के जरिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए भी बजट खर्च होगा। प्रतियोगिताओं पर 4 करोड़ और मूर्तिकला-चित्रकला पर ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

## राजनाथ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाढ़ प्रभावित चेन्नई और आस-पास के इलाकों का गुरुवार को हवाई सर्वे किया। इसके साथ ही उन्होंने चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण हुए नुकसान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ बातचीत की। इसके बाद राजनाथ ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य आपदा राहत फंड (एसडीआरएफ) से आंध्र प्रदेश को 493.60 करोड़ और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। दोनों राज्यों को 450-450 करोड़ रुपये की पहली किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है। राजनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं आपदा प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत भी की है। केन्द्र की ओर से वे आश्वसान देते हैं कि सभी संभव सहायता दी जाएगी। राहत कार्यों में सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने बाढ़ की स्थिति को लेकर हवाई सर्वे किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से सीधी बातचीत की है। केन्द्र सरकार ने चेन्नई में बाढ़ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयार योजना में 500 करोड़ की केन्द्रीय सहायता को भी मंजूरी दी है। इसके तहत राष्ट्रीय आपदा शमन कोष (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है।

**निर्देश**

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के लिए एसडीआरएफ की दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश



मुख्यमंत्री योगी से लखनऊ में सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल मनोज तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की।

## चंडीगढ़ के सेक्टर 54 हाई स्कूल में मनाया विश्व दिव्यांगता दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**चंडीगढ़** शहर की शैक्षिक और अन्य संस्थाओं ने विश्व दिव्यांगता दिवस पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इसी कड़ी में सरकारी हाई स्कूल सेक्टर 54 में विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया।

यह आयोजन स्कूल प्राचार्य श्रीमती कुलदीप कौर की अध्यक्षता में किया गया ।स्कूल के छात्रों में आयोजन को लेकर खास उत्साह देखा गया। विभिन्न कार्यक्रमों में उप प्राचार्य अलका ,संदीप कौर ,रविंदर सिंह (यू आर सी ),6 स्कूलों के सब सी डब्ल्यू इंचार्ज पूजा, सुमनदीप, रीमा ,वंदना ,राहुल तिवारी और रिसोर्स टीचर स्मृति भी मौजूद रहे।

आयोजनों से उत्साही बच्चों ने 50 मीटर 100 मी बाधा दौड़,शटल रेस ,योगा,शॉट पुट में भाग लिया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साह से हिस्सा लिया। समारोह के अंत में प्राचार्य के द्वारा बच्चों को पुरस्कार और रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए। प्राचार्य ने बच्चों का हौसला बढ़ाया ।

## मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रदान की सहयोग राशि



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मध्य प्रदेश सैनिक कल्याण विभाग के संचालक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) अरुण नायर ने गुरुवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर समत्व भवन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रतीक ध्वज लगाया। मुख्यमंत्री चौहान ने अपनी ओर से सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सहयोग राशि प्रदान की तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर, सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से 38 लाख की लूट

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
बिहार में मुजफ्फरपुर शहर के अहियापुर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव में निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से बीती रात एक बजे 38 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया गयाहै। लुटेरों ने सीसीटीवी और डीवीआर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार के निर्देश पर कंपनी के कुछ कर्मियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## शराब और तीन वाहनों के साथ माफिया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**
**नवादा** पुलिस ने गुरुवार को हिसुआ थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर दो लग्जरी कार जब्त कर उसमें लादे गए बड़ी मात्रा में देसी - विदेशी शराब जब्त करने के साथ ही तीन शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया है। एक अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद की गयी है। शराबबंदी को प्रभावशाली बनाने तथा शराब-सेवन, बिक्री, भंडारण तथा परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाने हेतु नवादा पुलिस प्रतिबद्ध है। लगातार छापेमारी कर इसके विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। बावजूद कारोबारियों के मनोबल बढ़े हैं। शराब की तस्करी कर नवादा में शराब खपा रहे हैं। इसी कड़ी में नवादा जिले के हिसुआ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड से नवादा ला रहे शराब की बड़ी खेप को जब्त कर लिया है।

पुलिस ने 2 चार पहिया वाहन जिसका एस्कॉर्ट एक अपाची मोटरसाइकिल से करके फतेहपुर गया के रास्ते अतरी, गया, वजीरगंज जा रही थी।उसे जब्त किया गया है।

## जयपुर: पहाड़ी हवा के कारण पड़ेगी कड़ाके की ठंड



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
प्रदेश में मौसम शुष्क होने के साथ ही तीन दिन से लगातार सर्दी का असर बढ़ता जा रहा है। कडाके की सर्दी की कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहने के साथ सर्दी तेज होगी। दस दिसम्बर तक राजस्थान में मौसम शुष्क रहेगा। हवाएं चलने के कारण तापमान में गिरावट आएगी। इसके असर से सर्दी बढ़ जाएगी। बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान राजस्थान में कोई असर नहीं होगा। राजधानी जयपुर और चूरू में बुधवार रात इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। दूसरी तरफ माउंट आबू में बुधवार तापमान माइनस में था। वह आज बढ़कर 1.5 पर आ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 3-4 दिन में उत्तरी हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा। इससे कई शहरों में तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। आज सबसे कम तापमान माउंट आबू में 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर के फतेहपुर में भी आज तापमान गिरकर चार डिग्री सेल्सियस आ गया। यहां सुबह गलनभरी सर्दी रही। शेखावाटी के चूरू में भी बीती रात सीजन का सबसे कम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस मापा गया। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ क्षेत्र में सुबह हल्का कोहरा भी रहा। श्रीगंगानगर में आज न्यूनतम तापमान कल की तरह 10.8 डिग्री सेल्सियस ही रहा। बाड़मेर में आज तापमान 12, उदयपुर में 13, अजमेर में 12.4, कोटा में 15.2 और जैसलमेर में 10.7 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा व उसके आस-पास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। दक्षिण-पूर्व राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में भी प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ था, जो अब कम हो गया है। वहीं 11 दिसंबर से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश के साथ पाली, जालोर व सिरोही में आने वाले कुछ दिनों तक मावठ की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग की माने तो मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन न्यूनतम व अधिकतम तापमान में बदलाव आ सकता है। पाली संभाग के साथ प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोहरा छा सकता है।

